


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




वर्ष 53/ अंक 88/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 28 अक्टूबर 2023 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

# नेता धर्म की बातें करते हैं, काम की नहीं, इससे जनता का ही नुकसान होता है: प्रियंका गांधी

**दमोह।** कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। जनसभा को संबोधित करते हुए बोलीं नेता धर्म की बातें करते हैं, काम की नहीं, इससे जनता का ही नुकसान होता है। कुछ हटके बोलना चाहती हूं। किसानों को कोई राहत नहीं मिली। मनरेगा को कमजोर बना दिया। किसानों को कोई राहत नहीं मिली। ऐसा कानून लाए जिसका लाभ नहीं मिला। महंगाई बढ़ती जा रही है। आज हर चीज पर जीएसटी लगा दी। अस्पताल में इलाज होगा कि नहीं। एक तरफ बेरोजगारी दूसरी तरफ महंगाई।

पांच माह में प्रियंका गांधी वाड्रा पांचवे दौरे में जमकर साधा निशाना। प्रियंका बोलीं - गरीबों को रोजगार नहीं मिल रहा है। पांच साल बहुत महत्वपूर्ण है। भाजपा ने क्या किया है। जहां कांग्रेस की सरकार है वहां पुरानी पेंशन मिल रही है। यहां रोज 17 दुष्कर्म हो रहे हैं। महिला को मालूम है बच्चों के लिए क्या करना है। मेहनत करती है इसीलिए सोचकर मत दें। आम आदमी का जीवन संघर्ष से भरा है। रोजगार नहीं मिलने से पलायन हो रहा है। 45 सालों में बेरोजगारी बढ़ रही है। 3 वर्षों में मात्र 21 नौकरी दी हैं।



मध्य प्रदेश में डाक्टरों के पद खाली पड़े हैं, लेकिन भर्ती नहीं हो रही है। सरकारी नौकरी हो जाए तो भविष्य तय हो जाएगा। छोटे दुकानदारों की कमर तोड़ दी। कोरोना काल में राहत नहीं मिली। बुंदेलखंड अंचल में यह प्रियंका का पहला चुनावी दौरा है। इसके पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सागर में सभा कर चुके हैं।

सभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ बोले- भाजपा भ्रष्टाचार प्रदेश बन गया है। झूठ की मशीन डबल इंजन से चल रही है। 22 हजार घोषणाएं की है।

### सीएम शिवराज का तंज, बोले-
## फिर सज रही झूठ की दुकान



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस और प्रियंका गांधी वाड्रा पर हमला बोला और उनसे कुछ तीखे सवाल भी पूछे। एम शिवराज ने कहा कि आज फिर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की झूठ की दुकान सज रही है। आज फिर प्रियंका जी आ रही हैं! मैं सबसे पहले तो प्रियंका जी से यही सवाल पूछना चाहता हूं कि भगवान राम और भगवान राम के मंदिर से आपको तकलीफ क्या है? कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग को शिकायत की है कि भगवान राम के मंदिर के फोटो होडिंग लगाए जा रहे हैं, वह निकाले जाएं। महाकाल के चित्र लगे हैं, वह निकालो। राम तो रोम-रोम में बसे हैं, कभी आप (कांग्रेस) राम को काल्पनिक बताते थे। भगवान श्री राम करोड़ों करोड़ लोगों के आराध्य हैं। भगवान राम के बिना इस देश का काम नहीं हो सकता। कभी कहते थे कि मंदिर वहीं बनाएंगे, तारीख नहीं बताएंगे। अब तो तारीख पता है 22 जनवरी अब भव्य और दिव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। प्रधानमंत्री जी के हाथों मंदिर को प्राण प्रतिष्ठा होनी है। महाकाल महालोक बना, आपने झूठे आरोप लगा दिए। आखिर महाकाल से चिढ़ क्या है आपको?

शिवराज ने कहा कि अब कांग्रेस के लोग होर्डिंग उतरवाने की बात करते हैं। राम हों, भगवान महाकाल हो, यह कहीं से नहीं हटाए जा सकते। लेकिन कांग्रेस बताए कि उसका दृष्टिकोण क्या है?




केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज दोपहर जबलपुर पहुंचे। वहां उन्होंने रघुनाथ शाह शंकर शाह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से प्रदेश के दौरे पर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के चुनाव की जमीनी समीक्षा करने के लिए आज से तीन दिनों तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मध्यप्रदेश के दौरे पर रहेंगे। अमित शाह तीन दिनों में अलग-अलग संभागों के बीजेपी पदाधिकारियों की बैठक लेकर जमीनी हालात को समझेंगे। आज खजुराहो खजुराहो में एक बैठक में हिस्सा लेंगे. इस बैठक के दौरान गृहमंत्री शाह 26 विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों और पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा करेंग।

इसके बाद गृहमंत्री अमित शाह की रीवा और शहडोल क्षेत्र में चुनावी बैठक करेंगे. इसके बाद रविवार (29 अक्टूबर) को गृहमंत्री शाह उज्जैन जाएंगे, जहां वो महाकाल मंदिर में दर्शन करेंगे और फिर एक रोड शो करेंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और रीवा क्षेत्र के कई नेताओं के साथ बैठक कर उनसे चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे. इतना ही पार्टी के सुत्रों के मुताबिक गृहमंत्री अमित शाह का कल (29 अक्टूबर) का पूरा दिन उज्जैन में बीतेगा. उज्जैन में वो महाकाल के दर्शन करेंगे. साथ ही गृहमंत्री शाह यहां एक रोड शो में भी करेंगे।

# मध्यप्रदेश की जनता की जुबान पर एक ही शब्द है...बदलाव: दिग्विजय सिंह

### पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ये पालिटिकल विक्टिमाइजेशन का दुखद दौर, परिस्थितियों ने भागवत को मदरसा जाने मजबूर किया

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह अपनी मुखरता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने राजनीति के इस दौर को पालिटिकल विक्टिमाइजेशन का दौर कहा है, तो ये भी कहा कि राजनीतिक परिस्थितियों से संघ प्रमुख को मस्जिद और मदरसे में जाने को विवश कर दिया। मध्यप्रदेश के सवाल पर दिग्विजय साफ कहते हैं कि जनता की जुबान पर एक ही शब्द है बदलाव।

एबीपी न्यूज चैनल पर ब्रजेश राजपूत एवं आशीष सिंह के साथ साक्षात्कार के दौरान एक सवाल पर दिग्विजय सिंह का कहना था कि मैं किसी से डरता नहीं हूं। पीएम नरेंद्र मोदी कोई ईश्वर नहीं हैं। वो एमएलए का चुनाव कभी मुख्यमंत्री रहते बिना नहीं लड़े। संघ प्रमुख मोहन भागवत के बयान से जुड़े सवाल पर दिग्विजय सिंह का कहना था कि आज के राजनीतिक हालात ने मोहन भागवत जी को मदरसा जाने के लिए विवश कर दिया है।

कांग्रेस बीस साल से सत्ता से दूर है, बहुत सारी चुनौतियां सामने हैं, वापसी के लिए क्या कर रही है? इस पर दिग्विजय सिंह का कहना था कि कांग्रेस कमजोर नहीं है। कांग्रेस कमजोर नहीं थी और न है। मप्र में दो दलीय मामला रहता है। कोई ऐसा दल नहीं जो यहां कांग्रेस और भाजपा का मुकाबला कर सके। हमारी तैयारी 2018 से काफी ज्यादा है। तब कमलनाथ जी को पांच महीने का समय मिला, फिर भी हम उनसे पांच सीटें ज्यादा ले आए। उस समय कम एंटी इन्कम्बेंसी थी। इस बार एंटी इन्कम्बेंसी पहले से ज्यादा है। हम जहां जा रहे हैं, जनता से एक ही शब्द सुनने को मिल रहा है बदलाव।

दो दलीय राजनीति पर दिग्विजय सिंह का कहना था कि बिहार, यूपी में हम मेजर प्लेयर नहीं हैं, मध्यप्रदेश में हम मेजर प्लेयर हैं, वो नहीं। इंडिया एलायंस राष्ट्रीय राजनीति के लिए है, प्रादेशिक राजनीति के लिए नहीं। कांग्रेस में टिकटों को लेकर विरोध हो रहा है, आपने कहा था सर्वे ही सर्वेसर्वा है, कहां गलती हुई, इस पर उनका



कहना था कि भाजपा में क्या विद्रोह नहीं हुआ? हम कंट्रोल कर रहे हैं, वो तो नहीं कर पा रहे हैं। सिंधिया ने कहा कि इस बार जनता कांग्रेस को सबक सिखाएगी, दिग्विजय बोले सबक उन्हें सिखाया जाएगा। मैंने कभी कांग्रेस में रहते हुए उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाया। सोनिया जी से शिकायत की थी 2006 में, उन्होंने कहा कि मप्र में हस्तक्षेप मत करो, मैं दूर रहा। क्या ये दो राजाओं का झगड़ा है? दिग्विजय बोले- बिलकुल नहीं। सिंधिया जी मेरे पुत्र समान हैं। माधवराव जी को हम मिलकर 79 में कांग्रेस में लाए थे। उनके और मेरे बीच कोई मनमुटाव नहीं रहा। ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की माताजी ने मुझे बुलाकर कहा कि इनका सहयोग करिये, मैंने बराबर किया। चुनाव हारने के बाद वो थोड़ा डिप्रेशन में आ गए। वो निराश हो गए थे कि कांग्रेस अब रिवाइव नहीं हो पाएगी।

कांग्रेस में कपड़ा फाड़ राजनीति पर उनका कहना था कि जिसने कहा, उनसे पूछिये। हमारे बीच टिकट को लेकर कोई मामला सामने नहीं आया। शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक कार्यकाल अब मध्यप्रदेश में तो खत्म हो चुका है। राजस्थान में छापों को लेकर उनका कहना था कि मैं दस साल सीएम रहा, मैंने कभी किसी के साथ दुर्भावनापूर्ण व्यवहार नहीं किया। अब यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। मोदी जी ने कभी विपक्ष की राजनीति नहीं की, इसलिए उन्हें अनुभव नहीं है। अब पालिटीकल विक्टिमाइजेशन चल रहा है।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## ईमेल पर मिली मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी, मांगे 20 करोड़

**मुंबई।** देश के सबसे जाने माने व्यक्ति या रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी हमेशा किसी न किसी बात को लेकर काफी चर्चा में बने रहेत है। आए दिन उनके घर में किसी न किसी त्यौहार को विशाल और परम्परागत रूप से मनाया जाता है। मुकेश अंबानी इतने अमिर होने के बाद भी भारतीय संस्कृति को नहीं भूलते है। उनके घर में सभी त्योहारों को खूब धुमधाम से सेलिब्रेट किया जाता है।खबरों के मुताबिक पता चला है कि मुकेश अंबानी को जान से मारने की धमकी दी गई है। इसके तहत जिसने धमकी दी है उसने उनकी ऑफिशियल ईमेल आईडी पर मेसेज भेजा है।



इसमें लिखा है कि अगर 20 करोड रुपए नहीं दिए तो जान से मार दिया जाओगे, उसके पास भारत में सबसे अच्छा शूटर है। यह धमकी मुकेश अंबानी को 27 अक्टूबर को मिली जिसके अंतर्गत गामदेवी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई है। धमकी मिलने के बाद अंबानी के सिक्योरिटी इंचार्ज ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। उसके बाद पुलिस ने उस व्यक्ति के खिलाफ आईपीसी की धारा 387 और 506 के तहत स्नढ्ढक्रदर्ज कर, मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। धमकी भरा ईमेल कहां से भेजा गया है और किसने व्यक्ति ने भेजा है यह सब पता करने के लिए पुलिस उसका आईपी एड्रेस ट्रेस कर रही है।

ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, इसके पहले भी मुकेश अम्बानी को ऐसे जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। इसके पहले फरवरी के महीने में नागपुर पुलिस के कंट्रोल रूम में किसी शख्स ने फोन करके कहा था कि अंबानी के घर को बम से उड़ा देगा, इसके बाद घर की और सुरक्षा बढ़ाई गई थी। इसके पहले भी ऐसी कई धमकियां मिली हैं।

## कांग्रेसियों की बाबर भक्ति सामने आ गयी है: विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा है कि 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में विधि विधान से विराजित होंगे। 5 शताब्दियों से प्रतीक्षा वाली यह घड़ी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के साथ जब से साझा की है, तब से सनातन विरोधी कांग्रेसियों में खलबली मची है। जो सोनिया भक्त कांग्रेसी चुनावी राम भक्त बन रहे थे उनका बाबर के प्रति प्रेम बाहर निकलने लगा है। कभी कांग्रेसी प्रभु श्रीराम के होर्डिग की शिकायत करते है तो कभी बाबरी ढांचा की शाहदत पर अपने मन की पीड़ा को बाहर लाते है। कांग्रेस का यह चरित्र मुंह में राम बगल में छुरी को चरितार्थ कर रहा है। सोनिया गांधी के इशारे पर कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष का बयान कांग्रेस का मुगलों के प्रति प्रेम और सनातन के प्रति घृणा को प्रदर्शित करता है। प्रियंका गांधी आज दमोह के दौर पर है उन्हें देश के हिन्दुओं से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए।



भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि चुनाव आएंगे, जाएंगे राजनीति होती रहेगी पर आस्थाओं के साथ खिलवाड़ और मजाक देश स्वीकर नहीं करेगा। इतिहास साक्षी है, जब जब राक्षसी प्रवृत्तियां, सनातन विरोधी ताकतें अपने पापाचार को बढ़ाने की कोशिश करती हैं, तो वह छलपूर्वक वेष बदलकर सामने आती हैं, रावण जब माता सीता का हरण करने आया तो साधु बनकर आया था और जब कसाब भी मुंबई हमले के लिये आया तो हाथ पर कलावा बांधकर आया था। यह सब सनातनी विरोधी थे, जो सनातन को मिटाने की धारणा से आये थे। यही वर्तमान में हो रहा है। अब चुनावी साल में सनातन को मिटाने की धारणा रखने वाले, हिन्दुओं से नफरत करने वाले कांग्रेसी, छद्म सनातनी वेष धारण कर के घूम रहे हैं।

**64 हजार 523 पर कार्यकर्ता पहुंचाएंगे प्रधानमंत्री मोदी का पत्र-** श्री शर्मा ने कहा कि 29 अक्टूबर को प्रदेश के 64 हजार 523 बूथों पर भाजपा के 41 लाख कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर प्रदेश को लिखी गई उनकी स्नेहिल चिट्ठी को घर-घर तक पहुंचाने का काम करेंगे। मध्यप्रदेश की जनता के मन में पीएम श्री मोदी हैं और पीएम मोदी जी के मन में मध्यप्रदेश की साढ़े नौ करोड़ जनता है।

### नाथ, दिग्विजय पर भी बोला हमला

वीडी बोले कि कांग्रेस चाहे तो वो भी राम मंदिर के होर्डिंग लगाए, उसे किसने मना किया है। वीडी शर्मा ने लगे हात कमल नाथ और दिग्विजय सिंह भी हमला बोला और कहा कि आप कह रहे हैं कि राम मंदिर सबका है। बिल्कुल सबका है। तो श्रीमान करप्शन नाथ, बंटाढार जी, आपको दर्द, पीड़ा क्यों है। दरअसल, कांग्रेस को पीड़ा है राम मंदिर के निर्माण से। कांग्रेस को पीड़ा है देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इच्छाशक्ति से, जिनकी कुशल रणनीति से आज पूरे भारत की 140 करोड़ जनता ने देखा कि राम मंदिर की आधारशिला रखी गई और अब 22 जनवरी 2024 को भव्य मंदिर में रामलला विराजमान होंगे। इसी का दर्द, इसी की पीड़ा कांग्रेस के तुष्टीकरणवादी नेताओं को है।

## इजराइल का हमास के एयरफोर्स चीफ को मारने का दावा

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का आज 22वां दिन है। इस बीच इजराइली सेना (आईडीएफ) ने दावा किया है कि उसने हमास की एयरफोर्स के हेड इस्साम अबू रुकबेह को मार गिराया है। आईडीएफ के मुताबिक 7 अक्टूबर को इजराइल में पैराग्लाइडिंग से हमले के लिए रुकबेह ही जिम्मेदार था।

दूसरी तरफ, लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को भी टैंकों के साथ गाजा पट्टी में घुसकर हमास के ठिकानों को निशाना बनाया। इस दौरान उनके सैनिकों की हमास के लड़ाकों से मुठभेड़ भी हुई। इजराइल के कई सैनिक टैंकों के साथ अभी भी एक ऑपरेशन के तहत गाजा में ही मौजूद हैं। आईडीएफ ने कहा है कि वो गाजा में जमीनी हमलों को बढ़ा रहे हैं। हवाई हमलों के दौरान भी हमास के अंडरग्राउंड ठिकानों को खासतौर पर टारगेट किया जा रहा है। शुक्रवार रात को हमास के ऐसे 150 ठिकानों पर हमले हुए। इसकी वजह से गाजा के इलाके में कम्यूनिकेशन टूट गया है और इंटरनेट बंद हो चुका है।

# मप्र सरकार ने समर्थन मूल्य का सच छिपाया: सुरजेवाला

### कांग्रेस सरकार देगी स्वामीनाथन से ज्यादा समर्थन मूल्य

**भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आरोप लगाया है कि मप्र सरकार ने समर्थन मूल्य का सच छिपाया। सही बात यह है कि प्रदेश में समर्थन मूल्य मध्य प्रदेश के किसान की लागत से कम है। उन्होंने कहा कि फसलों के दाम मांगने पर किसानों के सीने पर गोलियां चलाने वाले शिवराज ने हमेशा किसानों के साथ छल किया है।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में संवाददाताओं से चर्चा करते हुए सुरजेवाला ने कहा कि हाल में मोदी सरकार द्वारा रबी फसल सीजन 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। शिवराज सिंह चौहान ने फौरन मोदी जी को बधाई दे डाली। बधाई में किसानों के साथ घिनौना छल यह था कि खुद शिवराज सरकार ने मध्य प्रदेश में रबी फसलों को पैदा करने की किसान की लागत को इससे कहीं ज्यादा बताया था। यह बात बाकायदा मोदी सरकार के कृषि मूल्य एवं लागत आयोग' को लिखकर मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने दी थी।

यही नहीं, भाजपा शसित दोनों पड़ोसी



राज्यों, महाराष्ट्र व गुजरात ने भी किसान की रबी फसल की लागत घोषित एमएसपी से अधिक बताई थी। सुरजेवाला ने प्रमाण के तौर पर चार्ट भी सामने रखा। भावांतर योजना का चौंकानेवाला सचः सुरजेवाला के अनुसार शिवराज चौहान ने पर्ची देकर जेपी नड्डा से 02 सितंबर, 2023 को चित्रकूट में चुनावी घोषणा करवा दी कि मध्य प्रदेश में भावांतर योजना बहुत अच्छी चल रही है। सच्चाई यह है कि म.प्र में शिवराज सरकार ने भावांतर योजना पर ताला लगा दिया है। साल 2023-24 के बजट में भावांतर योजना में 1,000 रुपए का प्रावधान है। वहीं, साल 2021-22 और साल 2022-23 में एक फूटी कौड़ी भी इस योजना में खर्च नहीं की। जबकि मप्र की कांग्रेस सरकार ने 2019-20 में इस योजना में 422.84 करोड़ रूपये खर्च किये थे, तथा किसानों को लाभ दिया था।

भाजपा सरकार ने किसान कल्याण विभाग को किसान दुर्दशा विभाग बनायाः सुरजेवाला ने कहा- प्रदेश सरकार ने पिछले 6 माह अर्थात अप्रैल से सितम्बर 2023 तक किसान कल्याण विभाग की 23 केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं में से 19 योजनाओं में एक भी पैसा खर्च नहीं किया है। जैसे परंपरागत कृषि विकास योजना, स्वाईल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री कृषि सिचाई योजना, ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरणों पर अनुदान जैसी इत्यादि।

### किसान की आय मजदूर की दिहाड़ी से कम

सुरजेवाला के अनुसार केंद्रीय कृषि मंत्रालय की संसदीय समिति ने बताया कि मप्र के किसानों की आमदनी साल 2015-16 में 9,740 रुपए प्रतिमाह से घटकर 8,339 रु. प्रतिमाह रह गई है। यानि 277 प्रतिदिन, प्रति किसान परिवार। इसका मतलब पाँच सदस्यों के किसान परिवार में आय है 55 रु प्रति सदस्य प्रतिदिन। इसीलिए, शिवराज सरकार के 18 सालों में 20,489 किसानों को आत्महत्या के लिए विवश किया गया।

### 'किसान सम्मान निधि' बनी किसान अपमान विधि

उन्होंने कहा, कांग्रेस ने वचन दिया है कि वे मप्र के किसानों को गेहूं का समर्थन मूल्य 2,600 रू. प्रति क्विंटल देंगे तथा धान का समर्थन मूल्य 2,500 रू. प्रति क्विंटल देंगे और इसे भविष्य में 3,000 रू. तक बढ़ा देंगे। किसानों को यह सौगात स्वामीनाथन समिति की सिफारिश से भी अधिक है। कांग्रेस का यह भी वचन है कि मप्र के किसानों के पांच हॉर्स पॉवर तक के सिंचाई के पंप का बिजली बिल पूरी तरह माफ रहेगा।

## तंगहाली के बावजूद कश्मीर पर प्रोपेगैंडा फैला रहा पाकिस्तान

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में तंगहाली और आर्थिक संकट के बीच वहां की सरकार और सेना लगातार भारत विरोधी प्रोपेगेंडा फैलाने पर लाखों रुपए खर्च कर रही है। इसके तहत पाकिस्तान ने दुनियाभर में फैले उसके दूतावासों में 27 अक्टूबर को 'कश्मीर ब्लैक डे' नाम से कार्यक्रम कराए। दरअसल अक्टूबर 1947 में इसी दिन भारतीय सेना ने कश्मीर से पाकिस्तानी सैनिकों को खदेड़ा था।



# सार्वजनिक स्थान पर ट्रैक्टर ट्राली से कचरा फैकने व जलाने वाले सहित 25 लोगों पर किया स्पॉट फाइन



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर में साफ-सफाई व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु लगातार कार्य किए जा रहे है वहीं निगम द्वारा की जा रही साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को निगम के जोन क्र. 18 के अमले ने कोलार रोड अमरनाथ कालोनी क्षेत्र में खुली भूमि पर टेऊक्टर ट्राली से कचरा फैंकते हुए पकड़ा और 04 हजार रुपये का स्पॉट फाईन वसूल किया साथ ही जोन क्र. 16 के वार्ड क्र. 63 में कचरे में आग लगाने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 02 हजार रूपये का स्पॉट फाईन वसूला साथ ही गंदगी फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने वाले तथा सी.एण्ड.डी वेस्ट सार्वजनिक स्थल पर फैंकने वाले 25 अन्य के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 04 हजार 400 रूपये की राशि वसूल की। निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए द्वारा दिए गए निर्देश के परिपालन में निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा निगम की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए जोन क्र. 18 के अंतर्गत वार्ड क्र. 80 में अमरनाथ कालोनी रोड क्षेत्र में खुली भूमि पर टेऊक्टर ट्राली के माध्यम से कचरा फैंकने वाले श्री नर्मदा प्रसाद को पकड़ा गया और 04 हजार रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूली की तथा निगम अमले ने तत्काल कचरा उठवाने को कहा तथा भविष्य में खुले में कचरा न फैंकने की समझाइश भी दी। इसी प्रकार जोन क्र. 16 के अंतर्गत वार्ड क्र. 65 में प्रात:कालीन निरीक्षण के दौरान निगम अमले ने 01 व्यक्ति को कचरे में आग लगाते हुए पाया जिससे 02 हजार रूपये का स्पॉट फाईन वसूल किया। इसके अतिरिक्त निगम के जोन क्र. 14 के अंतर्गत वार्ड क्र. 56, 57, 60 एवं 61 में गंदगी फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने आदि के 25 प्रकरणों में 04 हजार 400 रूपये की राशि वसूल की। इस प्रकार निगम अमले ने कुल 27 प्रकरणों में 10 हजार 400 रूपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की।

### हुजूर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी फंदा मण्डल की बैठक हुए शामिल

# विकास, सेवा समर्पण और जनकल्याण के कार्यों की बदौलत जनता का आशीर्वाद हमारे साथ : रामेश्वर

## सभी को प्रचंड जीत का संकल्प दिलाया



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी फंदा मण्डल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में सभी को प्रचंड जीत का संकल्प दिलाया गया। बैठक को विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी हुजूर रामेश्वर शर्मा ने संबोधित किया। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता रामेश्वर बनकर बूथ पर भाजपा का कमल खिलाने के लिए संकल्पित हैं। विकास, सेवा समर्पण और जनकल्याण के कार्यों की बदौलत जनता का अभूतपूर्व आशीर्वाद हमारे साथ है ।

इस आशीर्वाद को हमे मतदान में बदलना है, सौ प्रतिशत मतदान के लक्ष्य के साथ एक एक घर जाकर हमे एक एक परिवार के सदस्य का आशीर्वाद लेना है। जन संघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी का यह पीढ़ियों का यह सफ़र केवल राजनैतिक दल के नाते नहीं बल्कि परिवार का है। यह परिवार भाव हमे हमारे वरिष्ठों से मिला है इस परिवार भाव को हमे आगे बढ़ाना है। इस अवसर पर महाराष्ट्र के विधायक तमल सेलवन सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## वाल्मीकि जयंती पर आरती कर हवन किया



**भोपाल।** चौकी इमामबाड़ा महर्षि वाल्मीकि मंदिर में वाल्मीकि जयंती पर वाल्मीकि समाज द्वारा आरती कर हवन किया गया। इस मौके पर मंदिर के सचिव शैलेंद्र चौहान ने बताया विगत कई सालों पुराना मंदिर है हमारे पूर्वजों के जमाने का मंदिर है जहां पर बड़ी धूमधाम से वाल्मीकि जयंती पर्व मनाया जाता है इस मौके पर सभी समाज वासियों को में वाल्मीकि जयंती पर शुभकामनाएं देता हूं ।

## सार्वजनिक स्थल पर भवन निर्माण सामग्री रखने वाले ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाए: निगम आयुक्त



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा व साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने व रेल्वे स्टेशन 06 नंबर प्लेटफार्म के पास सार्वजनिक स्थल पर भवन निर्माण सामग्री रखने वाले ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के दिए निर्देश। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्री योगेन्द्र सिंह पटेल सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त श्री फ्रैंक नोबल ए ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के दृष्टिगत शुक्रवार को 05 नंबर स्टाप, न्यू मार्केट, जहांगीराबाद, लेडी हास्पिटल, भारत टॉकीज, अल्पना टॉकीज चौराहा, रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 06, नादरा बस स्टैण्ड, भोपाल टॉकीज चौराहा, शाहजहांनाबाद, नूर महल रोड, रफीकिया स्कूल रोड, चौकी इमामबाडा, सिन्धी मार्केट, पीरगेट, सदर मंजिल, इमामी गेट, रॉयल मार्केट, ताजुल मसाजिद गांधी मेडिकल, शहीद नगर, साजिदा नगर रोड, मस्जिद साजिदा सुल्तान करबला रोड आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। निगम आयुक्त ने 05 नंबर तालाब के पास पूजन सामग्री आदि तत्काल उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने रेल्वे स्टेशन प्लेटफार्म क्र. 06 की ओर निर्माणाधीन रेन बसेरे के पास सार्वजनिक स्थल पर पड़ी भवन निर्माण सामग्री को तत्काल हटवाने और संबंधित ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने इस क्षेत्र की नालियों की सफाई कराने, नवाब सिद्दीक हसन खां तालाब की सफाई कराने, नूर महल पायगर रोड पर साफ-सफाई को और बेहतर ढंग से सुनिश्चित कराने, चौकी इमामवाड़ा क्षेत्र में पड़ा कचरा तत्काल उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने रॉयल मार्केट के पास स्थित पानी की टंकी एवं ताजुल मसाजिद के सामने वाले क्षेत्र की तत्काल साफ-सफाई कराने तथा साजिदा सुल्तान मस्जिद के पास मुख्य मार्ग से कचरा उठवाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई संबंधी कार्यों एवं कचरा एकत्रीकरण आदि के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की और शहर के सभी क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए।

## वार्ड 73 के शक्ति केंद्र एवं बूथ अध्यक्षों की बैठक को बालिस्ता रावत ने किया संबोधित



**भोपाल।** समाजसेवी मुकेश यादव, भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर, भाजपा अजजा मोर्चा भोपाल जिला प्रभारी, मंडल चुनाव प्रभारी बालिस्ता रावत, वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, विधायक प्रतिनिधि, चुनाव सह प्रभारी विनोद साहू, मंडल महामंत्री सुबोध साहू, विमलेश कुमार ने वार्ड 73 के शक्ति केंद्र तथा बूथ अध्यक्षों की बैठक को संबोधित किया। मंडल उपाध्यक्ष नर्बदा प्रसाद सचान, सुरेश यादव, हर्ष सिंह राजपूत, मंडल मंत्री बीएस मरमट, वार्ड पालक बिंद्रपाल सिंह बाथम, वार्ड संयोजक देवेंद्र साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष कैलाश गौर, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष संदीप अहिरवार, अल्प संख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष आदिल सिद्दीकी मंचासिन थे ।

बालिस्ता रावत ने कहा कि पार्टी नेता के मार्गदर्शन, कार्यकर्ता के परिश्रम तथा मतदाताओं के सहयोग से गोविंदपुरा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज कराती आ रही है, इस बार भी ऐतिहासिक रिकार्ड से जीत दर्ज होगी, रावत ने शक्ति केंद्र तथा बूथ समिति के पदाधिकारियों के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की जानकारी देकर जिम्मेदारी सौंपी । बैठक में पंडित फूलचंद्र शास्त्री, पंडित श्रीनारायण दुबे, रामदयाल धाकड़, पुरुषोत्तम चौरसिया, मोहन साहू, धर्मा दांगी, नारायण चंदेल, रीना धाकड़, दिव्या पटेल, दीपक कुशवाह, आकाश रैकवार, पप्पू ठाकुर, अभय यादव, ब्रजमोहन चौहान, किशनलाल चौरसिया, कोमल लोधी, चंद्रशेखर भावसार, रघुवीर सेन, सीता चौरसिया, सविता द्विवेदी, बिंदा चौहान, विजय बघेल, राजेश मालवीय एवं अनेकों पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## योग अध्यात्म आदि में चंद्रमा एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है: योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि चंद्रमा औषधियों का स्वामी है, चंद्रमा अमृत है वह जीवन के लिए संजीवनी है। चंद्र चराचर जगत और विशेषकर मानवीय संवेदनाओं, जीवनचर्या को मंगलमय बनाए रखने में सर्वाधिक योग कारक है। इसलिए प्रत्येक धर्मावलम्बी, योग साधक , प्रकृति प्रेमी चंद्र को अपने धार्मिक ,आध्यात्मिक व ज्योतिषीय जीवन में विशेष प्रधानता दिया करता है।

योग गुरु अग्रवाल ने बताया कि अश्विन माह में आने वाली पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा कहा जाता है। इस पूर्णिमा को कौमुदी, कोजागरी पूर्णिमा या रास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा धरती के सबसे निकट होता है। ये पर्व रात में चंद्रमा की दूधिया रोशनी के बीच मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि पूरे साल में केवल शरद पूर्णिमा के दिन ही चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से परिपूर्ण होता है। इस दिन चंद्र देव की पूजा करना शुभ होता हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन चन्द्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है और इस दिन से शरद ऋतु का आगमन होता है। इस दिन चंद्रमा की दूधिया रोशनी में दूध की खीर बनाकर रखी जाती है और बाद में इस खीर को प्रसाद की तरह खाया जाता है।

मान्यता है कि इस खीर को खाने से शरीर को रोगों से मुक्ति मिलती है। शरद पूर्णिमा के दिन व्रत करना फलदायी सिद्ध होता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण चंद्रमा की सभी सोलह कलाओं से युक्त थे।

### आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन प्रतियोगिता

# पुरुष वर्ग में एलएनसीटी, महिला वर्ग में एसआईआरटी बना विजेता



**भोपाल।** राजीव गांधी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी कॉलेज द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम में आयोजित आरजीपीवी नोडल बैडमिंटन प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने एसआईआरटी को 2-0 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। इससे पूर्व पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने टीआईटीई को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एलएनसीटी ने टीआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग के बैडमिंटन फाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने एसएटीआई विदिशा को 2-0 से हराकर विजेता रहीं।इससे पूर्व महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में एसआईआरटी ने टीआईटी को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एसएटीआई विदिशा ने यूआईटी को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर डॉ. अनुपम चौकसे सचिव एलएनसीटी ग्रुप, पंकज जैन स्पोर्टस डायरेक्टर एलएनसीटी, आर के शर्मा खेल अधिकारी टीआईटी द्वारा सभी विजेता एवं विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी, एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले चीप रेफरी आशीष अर्गल एवं अन्य रेफरी को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से आरजीपीवी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

# गोविंदपुरा भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर ने आनंद नगर में किया जनमिलन

## जनता से मिल रहे आशीर्वाद से गोविंदपुरा के साथ ही पूरे प्रदेश में भाजपा की लहर: कृष्णा गौर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



गोविंदपुरा से भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर ने आज वार्ड 64, आनंद नगर मंडल में सघन जनमिलन कर रहवासियों से भेंट कर आगामी 17 नवम्बर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को वोट देने की अपील की। इस दौरान कृष्णा गौर ने ग्वाला बाबा जी मंदिर में दर्शन के उपरांत कंफर्ट हेरिटेज, कंफर्ट पार्क, पठार माता मंदिर, कल्पना नगर, मानक विहार आदि स्थानों पर जनमिलन किया और क्षेत्रवासियों से उनकी समस्याओं से अवगत हुई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि आप सभी की मूलभूत समस्याओं और दुविधाओं का निराकरण करना तथा गोविंदपुरा के समुचित विकास के लिए वो प्रतिबद्ध हैं। लगातार जनसंपर्क के दौरान कृष्णा गौर के आगमन से स्थानीय नागरिकों में एक नया उत्साह देखने को मिला और सभी ने अपना पूर्ण समर्थन एवं आशीर्वाद देते हुए उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में प्रचंड विजय के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही। भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर चुनाव प्रचार के दौरान भी लगातार मैदान में पसीना बहा रहीं हैं। सुबह से लेकर देर रात तक अलग-अलग समाज एवं सामाजिक प्रमुखों के साथ बैठकें मोहल्ला विकास समितियों एवं प्रमुख धार्मिक पंडालों में लगातार स्थानीय लोगो से संपर्क एवं चर्चा का दौर जारी है। अपने प्रचार अभियान के दौरान वह सभी के बीच जाकर अपने कार्यकाल की चर्चा कर रहीं हैं।

### इन स्थानों पर हुआ जनमिलन

गोविंदपुरा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी कृष्णा गौर के द्वारा वार्ड 64, आनंद नगर मंडल के ग्वाला बाबा जी मंदिर में ईश आराधना उपरांत ग्वाला बाबा जी के बाहर, कंफर्ट हेरिटेज, कंफर्ट पार्क, पठार माता मंदिर, कल्पना नगर, मानक विहार, आलम नगर, मानक विहार मोड़, शनि मंदिर मोड, न्यू अशोक विहार, रानी पद्मावती पार्क, प्रेस कॉलोनी, मिल्खा सिंह पार्क, गुप्ता कॉलोनी, सोनागिरी सेक्टर, शिव मंदिर सरकारी स्कूल के पीछे, माता मंदिर सोनागिरी ए सेक्टर, सेंट पॉल स्कूल गेट, हरा भरा पार्क सोनागिरी बी सेक्टर, हनुमान मंदिर राजीव नगर, इच्छापूर्ण महादेव मंदिर समापन, भेल नगर, भेल नगर मंदिर, आजाद नगर, लेक सिटी स्कूल, जनकपुरी, राज सम्राट मंदिर, अभिनव होम्स एम पहुँचकर जनमिलन किया।

# मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ने राजनगर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा




सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार बनी थी तो कमलनाथ ने गरीब बुजुर्गों के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना बंद कर दी। कमलनाथ ने प्रसूता बहनों को लड्डू देने वाली योजना तक बंद कर दी। हमारे भांजे-भांजियों की साइकिल योजना भी बंद कर दी थी। बहनों की आंखों में आंसू न रहे, इसलिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाकर प्रदेश की एक करोड़ 31 लाख से अधिक बहनों को प्रतिमाह 1250 रूपए प्रतिमाह दे रहे हैं। यह योजना तभी तक है, जब तक मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार है। अगर कांग्रेस की सरकार बन गई तो लाड़ली बहना योजना भी बंद हो जाएगी, क्योंकि कांग्रेस सरकार सबसे पहले गरीब कल्याण की योजनाएं ही बंद करती है। पिछले चुनाव में राजनगर से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया 600-700 वोटों से हार गए थे। अगर यहां से भाजपा प्रत्याशी जीत जाते तो 2018 में सरकार का परिदृश्य अलग होता। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने बुन्देलखण्ड क्षेत्र का समग्र विकास किया है। विकास का यह क्रम निरंतर जारी रहे। इसके लिए पार्टी प्रत्याशी अरविन्द पटेरिया को जिताएं। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने छतरपुर जिले की राजनगर विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी अरविंद पटेरिया के समर्थन में खजुराहो में सभा को संबोधित करते हुए कही। पार्टी प्रत्याशी अरविन्द पटेरिया ने सभा को संबोधित करते हुए जनता से भाजपा को जिताने की अपील की।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वे हार कर भी क्षेत्र में सक्रिय रहे, जनता की सेवा करते रहे। मैं 2018 में चुनाव परिणाम के दिन जिन सीटों पर नजर रखे हुए था, उनमें राजनगर सीट भी थी। मैं कह रहा था कि अरविंद पटेरिया चुनाव जीते तो प्रदेश में भाजपा की सरकार बन जाएगी, लेकिन 600-700 वोटों से पार्टी की हार हुई। अगर 2018 के विधानसभा चुनाव में राजनगर से भाजपा प्रत्याशी अरविंद पटेरिया चुनाव जीत जाते तो सरकार का परिदृश्य अलग होता, लेकिन इस बार भाजपा को यहां से रिकार्ड मतों से जिताएं। इस क्षेत्र का विष्णुदत्त शर्मा ने पूरा विकास किया है, भाजपा का विधायक बनने के बाद क्षेत्र के विकास में और चार चांद लग जाएंगे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने कभी जनता का भला नहीं किया है। गरीब कल्याण की योजनाओं को बंद करने वाली कांग्रेस कभी गरीबों का भला नहीं कर सकती। प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनी तो प्रदेश के सारे विकास कार्य अवरूद्ध हो जाएंगे। मैं बहनों की आंखों में आंसू नहीं देख सकता, इसके लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना बनाई है। अभी 1250 रूपए प्रतिमाह बहनों के खाते में भेज रहा हूं। आगे इसे बढ़ाकर तीन हजार तक ले जाऊंगा।

जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि देव तुल्य भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि खजुराहो, नगर परिषद, नगर पालिका, जिले की जनपद, जिला पंचायत से लेकर सांसद तक भारतीय जनता पार्टी का है। इस चुनाव में राजनगर विधानसभा सीट पर भाजपा को जिताकर इतिहास कायम करें। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन की सरकार ने ही बुंदेलखंड क्षेत्र का विकास किया है। भाजपा सरकार ने बुंदेलखंड को दुरावस्था से निकालकर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी जी ने 44 हजार करोड़ की केन-बेतवा लिंक परियोजना की सौगात देकर बुंदेलखंड क्षेत्र की जनता का भाग्य बदलने का कार्य किया है। खजुराहो विश्व पटल पर पहले से था, लेकिन प्रधानमंत्री जी के मन में जिस तरह से मध्यप्रदेश बसा है, उसी प्रकार खजुराहो भी बसा है।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में फग्गन सिंह कुलस्ते ने किया नामांकन दाखिल

**मंडला।** केंद्रीय मंत्री व मध्य प्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव की उपस्थिति में केंद्रीय मंत्री व निवास विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने शुक्रवार को निवास विधानसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन रैली में भारी संख्या में सड़कों पर भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिकों और पदाधिकारियों के साथ आम जनमानस का जन सैलाब उमड़ पडा। रैली के पश्चात जनसभा को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री व मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा कि आज नामांकन रैली में उमड़ा अपार जन सैलाब इस बात का गवाह है कि निवास विधानसभा क्षेत्र में अबकी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कमल खिलेगा। सभा को पार्टी प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते ने सम्बोधित करते हुए भाजपा को जिताने की अपील की। निवास विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते की नामांकन रैली में शामिल होने पहुंचे केंद्रीय वन मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने कहा आज की नामांकन रैली में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों का जोश इस बात का गवाह है कि पूरे जिले में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी को जिताने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया है।आज भारतीय जनता पार्टी को निवास विधानसभा क्षेत्र की जनता का भरपूर जन आशीर्वाद मिला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा आदिवासियों को गुमराह कर सत्ता हासिल करने का प्रयास किया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने हमेशा सेवा भाव के साथ आदिवासी समाज के विकास और उन्नति के लिए अनेक न केवल योजनाएं बनाई बल्कि उनको धरातल पर उतारा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार ने आदिवासी समाज को आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त करने का कार्य किया है।

# कांग्रेस की विचारधारा देश, धर्म और जनता विरोधी: सिंधिया

### केंद्रीय मंत्री ने शिवपुरी में 9 मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**शिवपुरी।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया करीब दो सप्ताह से कार्यकर्ताओं के बीच जाकर चुनावी रणनीति बनाकर उन्हें एकजुट होकर कार्य करने की बात कह रहे हैं। शुक्रवार को सिंधिया ने बेरड़, सुभाषपुरा मुंडेरी, पोहरी और सतनबाड़ा मंडल के साथ- साथ ग्वालियर स्थित भगत सिंह, दीन दयाल मंडल, वीर सावरकर, आचार्य रामकृष्ण परमहंस तथा महाराणा प्रताप मंडल को मिलाकर कुल 9 मंडलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और उनके साथ चुनावी रणनीति बनाई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश पर दशकों तक राज किया पर विकास का एक भी काम नहीं किया। सड़कों के हाल बेहाल थे और बिजली तो सिर्फ दो-तीन घंटो के लिए ही आती थी, कांग्रेस के काल को जनता कभी भूल नहीं सकती। उस समय जनता को कोई सुविधा नहीं मिलती थी। सिंधिया ने कहा क जिस पार्टी के वरिष्ठ नेता एक दूसरे के कपडे फाड़ने की बात कर रहो हो और अपशब्द सुनने की पॉवर ऑफ़ अटॉर्नी देते हो उनका भरोसा नहीं किया जा सकता। अगर यह गलती से भी सत्ता में आ गए तो जनता का क्या हाल करेंगे। इसीलिए भाजपा की यह लड़ाई किसी पार्टी के खिलाफ नहीं एक विचारधारा के खिलाफ है। कांग्रेस की विचारधारा देश विरोधी है, धर्म विरोधी है और जनता विरोधी है। सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की मेहनत है की आज प्रदेश में हर सुविधा उपलब्ध है।

# केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने सिवनी और छिंदवाड़ा में जनसभाओं को किया संबोधित




**सिवनी।** सनातन विरोधियों से डटकर लड़ना होगा। एक तरफ कमलनाथ अयोध्या में बन रहे रामलला के भव्य मंदिर को भारत का मंदिर बता रहे हैं, लेकिन दूसरी तरफ स्टालिन के सनातन विरोधी बयान पर चुप्पी साधकर कुछ नहीं बोल रहे। पूरी कांग्रेस चुप है और इनके नेता तिलक और जनेऊ के साथ हिन्दू होने का ढोंग रच रहे हैं। यह बात केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने कही। पटेल सिवनी में भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय (मुनमुन राय) के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। पटेल ने छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव और चौरई में भी जनसभा को संबोधित किया।

पटेल ने कहा कि कांग्रेस वोटों की सौदागर है और लोगों को झांसा देने में माहिर है। उन्हें किसी की भावनाओं से,मान्यताओं से और परंपराओं से कोई सरोकार नहीं है। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी जी के आने के बाद विकास का पहिया तेज गति से घूम रहा है। क्या सच नहीं है कि इससे पहले योजनाओं का इस्तेमाल भ्रष्टाचार करने के लिये किया जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। योजनाएं सीधे तौर पर जनहित का पर्याय बन रही हैं। बात चाहे पीएम आवास योजना की हो या शौचालय निर्माण की या फिर उज्जवला गैस कनेक्शन की, केन्द्र और राज्य सरकार ने जिस तरह से गरीबों की आंखों के आंसू पोंछे हैं, उसे किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं है।

# नल जल योजनाओं से मिट रही पानी की समस्या: गोविंद सिंह राजपूत



### महिलाओं और बुजुर्गों का लिया आशीर्वाद, युवाओं के साथ किया आधा दर्जन से अधिक गावों में जनसंपर्क

**सागर।** नगरों और बड़े कस्बों से नजदीकि गावों में सघन जनसंपर्क के बाद अब सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत क्षेत्र के अंदरूनी इलाकों में पहुंच बनाकर जनसंपर्क अभियान में अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। शुक्रवार को गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी के ग्राम उमरिया सेमरा, लालबाग, नया खेड़ा, हुरा, परासरीकलां, चंदनहारी तथा हिनोतियाकलां में जनसम्पर्क कर महिलाओं, बुजुर्गो से आशीर्वाद लिया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता में उमंग और उत्साह था। इस अवसर पर लोगों ने गोविंद सिंह का फूलमालाओ से स्वागत किया। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि 25 साल पुरानी और अब सुरखी विधानसभा में जमीन आसमान का फर्क है। पहले ग्रामीणों को नगरों में आने जाने के लिए कच्ची और कीचड़, पानी से सड़को से होकर गुजरना पड़ता था लेकिन अब गांव गांव में सड़कों का जाल बिछा दिया गया है। सड़क बन जाने से आवागमन सुलभ हो गया है।

# मतदाता जागरूक करने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

**भोपाल।** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को स्वीप के अंतर्गत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान हेतु महाविद्यालय में रंगोली और डिजिटल पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय था - बेहतर भारत के लिए वोट करें। स्वयंसेवकों ने इसके माध्यम से यह संदेश दिया कि हर नागरिक को मतदान के प्रति जागरूक रहना चाहिए और अपने देश को विकसित देश बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे। इस हेतु 40 स्वयंसेवकों ने अपनी उपस्थिति दी। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजुला विश्वास और डॉ. मीना सक्सेना के मार्गदर्शन में और कैंपस एंबेसेडर स्वयंसेवक रितु राजा के साथ वरिष्ठ स्वयंसेवक के नेतृत्व में हुआ।




**भोपाल।** मंगलवारा मंदिर में मंदिर कमेटी ट्रस्ट महिला मण्डल बहु मंण्डल भक्त मण्डल पाठशाला परिवार द्वारा गुरुजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर शाम की आरती की गई।

# धौलपुर से आया 9.20 क्विंटल मावा जप्त, आधा दर्जन मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई

**भोपाल।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर धौलपुर की ओर से आये हुये 9.20 क्विंटल मावा जी.आर.पी. थाना प्रभारी जहीर खान के द्वारा रोका गया । मावा के परिवहन की सूचना को प्राप्त होने पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा इसके स्वामित्व की जानकारी ली गई। देर तक प्रतीक्षा करने पर किसी के द्वारा दावा नहीं किये जाने के कारण खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के द्वारा मावा जप्त कर कोल्ड स्टोरेज में सुरक्षित रखा गया । खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान गांधीनगर स्थित साईं बाबा स्वीट्स तथा विष्णु स्वीट्स, न्यू मार्केट स्थित आहूजा पंजाब डेयरी प्रोडक्ट्स एण्ड स्वीट्स तथा जहांगीराबाद स्थित मनोकांक्षा स्वीट्स, हमीदिया रोड स्थित मनोज स्वीटस् में मिठाइयों के ट्रे पर उत्पादन तथा बेस्ट बिफोर तिथि अंकित नहीं होना पाया गया। साथ ही जहांगीराबाद स्थित मनोकांक्षा स्वीट्स में बिना खाद्य पंजीयन प्राप्त किये खाद्य कारोबार का संचालन होना पाया गया । खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण, भारत सरकार के द्वारा 1 अक्टूबर 2020 से मिठाइयों के ट्रे पर उत्पादन तथा बेस्ट बिफोर तिथि अंकित किया जाना अनिवार्य किया गया है। जिससे क्रेता को मिठाइयों के ताजा होने की जानकारी प्राप्त हो सके । अभिहित अधिकारी देवेन्द्र कुमार वर्मा के द्वारा इस नियम का उल्लंघन करने वाले खाद्य कारोबार कर्ताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत प्रकरण अविलंब न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं ।

### राजधानी में मांडणा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

# लोक कलाओं में बसती है उस राज्य की आत्मा: अनीता सक्सेना

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल




मध्यप्रदेश राष्ट्रभाषा प्रचार समिति हिंदी भवन न्यास एवं महिला शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा 27 अक्टूबर को हिंदी भवन के वीरेन्द्र तिवारी कक्ष में 'माँडणा प्रशिक्षण कार्यशाला' आयोजित हुई । कार्यक्रम की संयोजिका अनीता सक्सेना ने लोककला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हर राज्य की आत्मा इन लोककलाओं में बसती है

लोककला लोक से उपजी है और प्रकृति से प्रेरित है । प्रकृति ही उनका जीवन स्त्रोत है । आज भी उनके घरों की दीवारें, आँगन, छप्पर, पूजा स्थल सब जगह प्रकृति विराजमान है । उनकी आस्थाएं और विश्वास हैं जिन्हें हम भी वह अनगढ़ रेखाओं से चित्रों में ढालते आये हैं । ये रेखाएं अनगढ़ जरुर हैं लेकिन नियमबद्ध हैं जैसा कि उनका जीवन भी नियमबद्ध होता है। लोककला मात्र कला नहीं है यह एक संस्कृति है, संस्कार है 7 ये वो परम्पराएँ हैं जो हमारे पूर्वजों से सदियों से हस्तांतरित होती चली आ रही हैं और जिनके जरिये हम अपने तीज-त्यौहार और विशेष अवसरों के बारे में जानकारी प्राप्त करते आये हैं 7

माँडणा कार्यशाला में मधुलिका श्रीवास्तव, श्रीमती भावना शुक्ला, खंजन सिन्हा , श्रद्धा वर्मा , कमल चंद्रा, डॉ. नीलिमा रंजन, नीलिमा पालीवाल, मधुलिका चंद्रा, पूनम गर्ग, डॉ. कुमकुम गुप्ता, डॉ. साधना गंगराड़े, डॉ. साधना शुक्ला, सीमा शिवेंद्र, रेखा गोयनका, शीला मिश्रा , डॉ. निशा सिंह, शुभ्रा श्रीवास्तव, डॉ. अल्पना वर्मा, साधना जैन, मृदुल त्यागी, वंदना दवे, अंशिका ठाकुर, डॉ. मीनू पांडेय, डेज़ी रानी जैन,सरोजलता सोनी ने माँडणा बनाना सीखा ।

# इस बार करुणाधाम आश्रम में होगा 101 जोड़ों के साथ सामूहिक करवाचौथ

### स्थल पर होगी भव्य आतिशबाजी, भजन संध्या, रहेगा सैल्फी पांइट

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी में 1 नवम्बर 2023 को इस बार नेहरू नगर स्थित मां लक्ष्मी जी के मंदिर करुणाधाम आश्रम में आश्रम के गुरुजी सुदेश शांडिल्य जी महाराज के सानिध्य में 101 जोड़ो के साथ सामूहिक करवा चौथ का आयोजन किया जायेगा। भोपाल का एक मात्र स्थान है जहां पर सामूहिक रूप से करवाचौथ व्रत पूजन का आयोजन किया जाता है । सहज समाधान शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में यह आयोजन किया जाता है , आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग , सदस्य सुनील भार्गव , रमेश राठौर ने बताया कि सुबह से निर्जला उपवास रखकर चंद्र दर्शन के बाद व्रत खोलने वाली महिलाओं का पूजन इस बार पंडित विष्णू राजौरिया जी के द्वारा विधिवत् करवाचौथ व्रत का पूजन करवाया जायेगा , कार्यक्रम स्थल पर फूलों की रंगोली के साथ सभी को व्रतधारी महिलाओं को आसन पर बैठाकर उनको सजी सजाई पूजन थाली दी जायेगी । करवाचौथ व्रत करने वाली महिलाओं को अपने घर से छलनी और करवा के अलावा कुछ नहीं लाना होता है . समस्त पूजन सामग्री पूजन स्थल पर ही दिया जाता है । पंडाल स्थल पर 20 से 25 वालिंटियर होते हैं , जिनके द्वारा पूरी व्यवस्था की जाती है । इस बार आसामान पर जैसे चंद्र दर्शन होंगे उसके बाद भव्य आतिशबाजी की जायेगी । करवाचौथ स्थल पर सैल्फी पाइंट भी बनाया जायेगा जिसमें दपत्ति वहां खड़े होकर सैल्फी ले सकते हैं । करवाचौथ पूजन से पहले नीलेश आचार्य सुनली श्रीवास्तव तलैया की सुंदरकांड मंडली के द्वारा भजन का आयोजन किया जायेगा उसके बाद करवाचौथ पूजन का आयोजन प्रारंभ होगा । व्रत धारी दंपत्ति परिवार के भोजन और भजन की व्यवस्था करुणा धाम आश्रम में । करवाचौथ आयोजन समिति के द्वारा केवल धर्म और संस्कार के कार्य को आगे बढ़ाने के लिए नो प्राफीट नो लास के साथ सहकारिता की भावना से काम किया जाता है, किसी प्रकार का कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं किया जाता है। आयोजन समिति के अध्यक्ष कमल गर्ग सुनील भार्गव, रमेश राठौर, संतोष ब्रम्हभट्ट, निशा उपाध्याय कविता अनुरागी, दीपिका भार्गव, शालू मजूमदार, मुकेश गुप्ता, चैतराम मुकेश गर्ग आदि व्यवस्था संभालते है।

स म्पा द की य

# असंतोष, विरोध, बगावत और जुबानी जंग...




पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव भाजपा-कांग्रेस दोनों के लिए ही चुनौतीपूर्ण हैं। सत्ता प्राप्ति के अलावा ये आम चुनाव के लिए एक तरह से सेमीफायनल माने जा रहे हैं। हालांकि विधानसभा और लोकसभा के मुद्दे एकदम अलग होते हैं, फिर भी इनके रुझान बहुत ज्यादा तो नहीं, पर काफी कुछ आने वाले लोकसभा चुनावों की तस्वीर बयां कर सकते हैं। केंद्र में सत्ता में बैठी भाजपा को एक बात की राहत महसूस हो सकती है कि इन विधानसभा चुनावों के दौरान उसे विपक्षी गठबंधन यानि इंडिया बिखरा हुआ लग रहा है।

यह सच भी है कि विधानसभा चुनावों में विपक्षी गठबंधन के सभी दल एक-दूसरे के सामने चुनाव मैदान में उतर चुके हैं। इधर, विभिन्न एजेंसियों के चुनाव-पूर्व सर्वे के परिणाम आने लगे हैं, लेकिन इन्हें फिलहाल कतई विश्वसनीय नहीं माना जा सकता। मतदान की तिथि तक काफी कुछ स्थितियां बदलने लगती हैं। हालत यह है कि न तो सत्ताधारी दल के प्रति मतदाताओं का स्पष्ट रुझान प्रकट हो रहा है और न ही प्रतिपक्ष यह विश्वास कर पा रहा है कि जिन मुद्दों पर वह चुनाव केंद्रित करना चाह रहा है, क्या वे मुद्दे जनता के मुद्दे बन पा रहे हैं?

यही वजह है कि मतदाताओं के ऐसे अनिश्चित रुख से राजनीतिक दल बार-बार नए मुद्दे तलाश कर मतदाताओं के समक्ष आ रहे हैं। ऐसी स्थिति में छोटे और स्थानीय राजनीतिक दल भी उनके प्रभाव वाले क्षेत्रों में उत्साहित होकर अपने प्रत्याशी उतार रहे हैं।

मध्यपद्रेश की बात करें तो यहां साढ़े अठारह साल भाजपा सत्ता में रही, करीब डेढ़ साल कांग्रेस को शासन करने का मौका मिला और सरकार गिर गई। यहां लंबे समय तक भाजपा सरकार रहने का ही शायद यह परिणाम है कि कई कारणों से भाजपा का संगठित स्वरूप छिन्न-भिन्न हो गया। प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व की पंक्ति में अविश्वास और संघर्ष से कार्यकर्ता हतोत्साहित होकर निष्क्रिय हो गए। टिकटों की घोषणा के बाद भाजपा में जो माहौल देखने को मिल रहा है, वह अभूतपूर्व ही कहा जाएगा। कांग्रेस में तो असंतोष, विरोध और बगावत बहुत सामान्य सी बात हो गई है, लेकिन अनुशासित कही जाने वाली भाजपा में बगावत और विद्रोह के स्वर जितने इस बार उठे हैं, भाजपा के लिए सुरक्षित माने जाने वाले इस राज्य के लिए तो नए ही नहीं, बेहद खतरनाक भी हैं।

भाजपा और कांग्रेस ने चुनावों के दोनों चरणों के लिए प्रत्याशियों की सूची घोषित कर दी है और इसके साथ ही दोनों ही दलों में घोषित प्रत्याशियों के विरुद्ध विरोध का माहौल जबरदस्त तरीके से सामने आया है। इसके साथ ही गठबंधन के दल भी मैदान में उतर गए हैं। बसपा तो किसी गठबंधन में नहीं है, उसने बड़ी संख्या में प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। भाजपा और कांग्रेस के तमाम बागी हाथी पर सवार हो गए हैं। इन्हें उन इलाकों में अधिक वोट मिलने की उम्मीद है, जहां जातिगत आधार पर मतदान होता है। खासकर उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे इलाकों में। और उन्हीं इलाकों में समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी मैदान में ज्यादा उतरी हैं। विंध्य में भाजपा से इस्तीफा देने वाले विधायक ने नई पार्टी बना ली। गोंडवाना गणतंत्र के साथ ही कुछ नई पार्टियां भी चुनाव लड़ रही हैं।

मध्यप्रदेश में भाजपा में कांग्रेस के बनिस्पद अधिक विरोध के स्वर देखने को मिल रहे हैं और सर्वेक्षणों में एंटी इन्कम्बेंसी भी अधिक बताई जा रही है। ऐसे में भाजपा नेतृत्व का चिंतित होना स्वाभाविक है। दूसरी तरफ कांग्रेस इन फैक्टरों के चलते अति आत्मविश्वास की तरफ बढ़ती दिख रही है और शायद इसी कारण से गठबंधन के दलों, खासकर सपा और आप से किसी तरह का समझौता नहीं हो सका। अब सब मैदान में हैं और सामान्य उम्मीदवारों के बजाय कांग्रेस और भाजपा के बागियों के सपा, आप से चुनाव लड़ना इन दलों को कई सीटों पर भारी पड़ सकता है। चंबल-ग्वालियर के तो पूरे समीकरण ही बिगड़ने का अंदेशा खड़ा हो गया है तो विंध्य में भी कई सीटें प्रभावित हो सकती है। अभी से माना जाने लगा है कि लगभग एक तिहाई से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय या चतुष्कोणीय मुकाबला हो सकता है।

यही कारण है कि अभी तक आए सर्वे के नतीजे शायद ही सच साबित हों। वहीं, भाजपा और कांग्रेस के लिए अकेले सत्ता में आना चुनौती साबित हो सकता है। मतदाता तो स्वाभाविक रूप से चुप ही है। तमाम लोक लुभावनी योजनाएं उसके सामने परोस दी गई हैं। मुफ्त की रेवड़ियां बंट रही हैं और इन पार्टियों के झोले में भी रखी हैं। आरोप-प्रत्यारोप, असंतोष-बगावत, विद्रोह-विरोध के बवंडर में मूल मुद्दे कहीं नजर ही नहीं आ रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, कर्ज का बोझ, बढ़ते अपराध, सामाजिक असुरक्षा, भ्रष्टाचार और ऐसे तमाम मुद्दे जातिगत, सांप्रदायिक, धार्मिक उन्मादी मामलों में दब कर सिसकते नजर आ रहे हैं। देखना होगा चुनाव की धारा मतदान आते-आते किस ओर रुख करती है? फिलहाल तो असंतोष, विरोध, बगावत और जुबानी जंग के माहौल का मजा लीजिए।

# भारत तो भारत है

**-राकेश दुबे**

यह एक सराहनीय पहल है राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने सिफारिश की है कि पाठ्यक्रमों में 'इंडिया' की जगह 'भारत' शब्द का इस्तेमाल किया जाए। इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आजादी के 76 साल बाद भी देश में एक वर्ग ऐसा भी है, जो इन दोनों शब्दों को परस्पर विरोधी मानता है। फिलहाल यह एक समिति की सोच और अनुशंसा तक ही सीमित है। संविधान के अनुच्छेद एक में 'इंडिया, जो भारत है' का उल्लेख है। अर्थात हमारे संविधान-निर्माताओं को दोनों ही शब्द स्वीकार्य थे और उन्हें परस्पर पूरक माना गया था।

कुछ लोग 'इंडिया' को औपनिवेशिक अवशेष मानते हैं। 'इंडिया' की व्याख्या यूनानी भाषा, उच्चारण, सिकंदर और सिन्धु घाटी की सभ्यता से जोड़ कर की जाती रही है। हमें इतने प्राचीन इतिहास, भाषा और उसके प्रभावों से क्या लेना-देना है? कब तक विदेशियों पर आश्रित रहेंगे हम? भारत एक स्वतंत्र, संप्रभु, लोकतांत्रिक राष्ट्र है, जिसका अपना सर्वसम्मत संविधान है। ज़रूरी है कि सभी विमर्श 1947 के बाद से ही किए जाएं।

'इंडिया' को 'भारत' करने की प्रक्रिया भी कोई संगठन या परिषद लागू नहीं कर सकती। उसके लिए संसद में संविधान संशोधन का प्रस्ताव पारित कराना होगा। यदि एनसीईआरटी हमारे स्वतंत्रता आंदोलन का सम्यक इतिहास छात्रों को पढ़ाना चाहती है, तो उसे 1857 से 1947 तक अलग-अलग खंडों में संकलित कराया जाए और उसे नए सिरे से लिखा जाए। यह बहुत व्यापक और शोध पूर्ण कार्य है और इसके लिए पर्याप्त समय भी चाहिए। इस इतिहास-लेखन के संदर्भ में अंग्रेजी हुकूमत के कालखंड भी स्वयंमेव आ जाएंगे, लिहाजा 'एक पंथ, दो काज' किया जा सकता है।




सर्वमान्य तर्क है कि स्कूली पाठ्यक्रम के लिए सब कुछ सार-रूप में होना चाहिए। शेष और विस्तृत अध्ययन छात्र उच्च शिक्षा के दौरान, अपनी रुचि के मुताबिक, कर सकते हैं। प्राचीन काल, आदि काल, पाषाण काल, मुगल काल सरीखे अतीतों की लीक पीटते रहने का कोई औचित्य नहीं है। इन्हें विभिन्न इतिहासों के परिप्रेक्ष्य में शोधार्थियों के लिए छोड़ देना चाहिए। स्कूली छात्रों के कोमल मन को प्रदूषित नहीं किया जाना चाहिए। ऐसे इतिहास को पढने से खटास और नफरत के अलावा कुछ भी हासिल होने वाला नहीं है।

'इंडिया' बनाम 'भारत' का अभियान भी बेमानी है। ऐसा राष्ट्रवाद, हिन्दूवाद, हिन्दीवाद के मद्देनजर किया जा रहा है अथवा इसका कोई सांस्कृतिक महत्त्व भी है ! बेशक हमारी जड़ें, हमारा परिचय और हमारी सांस्कृतिक विरासत 'भारत' में ही निहित है। विष्णु पुराण, ब्रह्मपुराण और कई प्राचीन, धार्मिक ग्रंथों में 'भारतम्' का उल्लेख मिलता है। इसके साथ ही हमारे देश को 'आर्यावर्त', 'हिन्द', 'हिन्दुस्तान', 'भारतखंड', 'हिमवर्ष' आदि नामकरणों से भी संबोधित किया जाता रहा है। किसी को कोई आपत्ति भी नहीं है। 'भारत' के अलावा 'इंडिया' के साथ भी कई मिथकीय कथाएं जुड़ी हैं। इन्दुमती अयोध्या के राजा अज की पत्नी और दशरथ की माता थीं। जब राजा राम अयोध्या के सिंहासन पर बैठे, तो उनके कालखंड में दादी इन्दुमती का नाम भी प्रचलित था, जिसे आज हम 'इंडिया' कहते हैं।

'भारत' नाम राजा राम के छोटे भाई भरत के नाम पर पड़ा। किंवदन्ति यह भी है कि राजा दुष्यंत और शकुंतला के पुत्र का नाम भी 'भरत' था। उन्हें ऋषि कण्व ने 'चक्रवर्ती सम्राट' बनने का आशीर्वाद दिया था, लिहाजा उनके आधार पर हम 'भारत' बने। जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के 'चक्रवर्ती पुत्र' भरत विश्व-विजयी सम्राट थे, लिहाजा देश का नाम 'भारत' पड़ा। बहरहाल, दोनों शब्द प्रचलित हैं शब्दों पर कोई विवाद करने से बेहतर है, शब्द की शक्ति और उसके अर्थ को आत्मसात् करना।

# संस्मरण: 1977 का अविस्मरणीय चुनाव



**एन के त्रिपाठी**

प्रोबेशनर आईपीएस के रूप मैंने आपातकाल के पश्चात हुए चुनावों के आश्चर्यजनक और ऐतिहासिक परिणामों को बहुत निकट से अनुभव किया है। उसकी स्मृति आज भी यथावत् है। दिनांक 21 मार्च (जब दिन और रात ठीक बराबर होते हैं), 1977 को मेरी ड्यूटी खंडवा कलेक्ट्रेट के प्रांगण में लगी थी जहाँ मतगणना की जानी थी बहुत सुबह मेरे सहित सभी अधिकारी और पुलिस बल कलेक्ट्रेट पहुँच गए थे। सर्किल इंस्पेक्टर श्री चौबे ने प्रोबेशनर होने के नाते मेरी ड्यूटी बाहर के गेटों पर अपेक्षाकृत कम संवेदनशील स्थानों पर लगायी थी। अन्दर मतगणना भवन के प्रवेश द्वार पर अनुभवी कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक ऋ्य शुक्ला और इंदौर से आए एक असिस्टेंट कमांडेंट की ड्यूटी लगी थी। थोड़ी देर बाद मतगणना में लगे सिविल कर्मचारी, अधिकारी, पार्टी एजेंट और उम्मीदवार आना शुरू हो गये। आठ बजे कलेक्टर श्री अशोक विजयवर्गीय के पर्यवेक्षण में मतगणना प्रारंभ हो गई।

तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने 25 जून,1975 को आपातकाल घोषित कर दिया था, जो मतगणना की रात तक लगा रहा। मीसा के अंतर्गत असामाजिक तत्वों के साथ-साथ विपक्ष के सभी छोटे-बड़े नेता 19 महीनों के लिए जेल में डाल दिए गए समाचार पत्रों में लगी सेंसरशिप के कारण मुझे पुलिस अकादमी हैदराबाद और उसके बाद खंडवा में जिला ट्रेनिंग के समय देश के हालातों का कुछ पता नहीं था। जनवरी,1977 में जेल में बंद नेताओं को छोड़ा गया और 10 फ़रवरी, 1977 को आम चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई। बाबू जगजीवन राम और हेमवती नन्दन बहुगुणा कांग्रेस छोड़ चुके थे। चुनाव प्रचार में नसबंदी में हुई ज़्यादतियों और मीसा बंदियों के परिवारों की दुर्दशा के समाचार प्राप्त हुए। परन्तु मेरे सहित सभी अधिकारी इंदिरा गाँधी को अपराजेय समझते थे।

खंडवा में कांग्रेस ने सांसद श्री गंगा चरण दीक्षित को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया। विरोधी दलों की नवगठित जनता पार्टी ने परमानंद गोविंदजीवाला को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस सांसद दीक्षित जी स्क्कऑफिस में मीसा बंदियों की सिफ़ारिश करने के लिए आते रहते थे इसलिए मेरी उनसे जान पहचान हो गई थी। पूरे देश में मतदान 16-20 मार्च के बीच में सम्पन्न हुआ और अगले दिन ही मतगणना प्रारंभ हो गई।

बाहरी गेटों के आस-पास होने के कारण मुझे मतगणना की कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो रही थी। 11 बजे तक कुछ रुझान आने की सूचना दबे स्वरों में आयी। सम्भवत: मतगणना में गंभीर वातावरण बन जाने से कोई एजेंट बाहर नहीं आ रहा था। 12 बजे के क़रीब मैं कलेक्टर साहब के पीछे के चैम्बर में गया जहाँ वो कुछ मिनट के लिए आए, परन्तु उन्होंने मुझे कुछ नहीं बताया और चले गए। लगभग दो बजे एक स्थानीय छोटे संवाददाता ने गेट के पास आकर बताया कि वह ट्रांजिस्टर पर क्क्ष्ष्ट की ख़बर सुनकर आ रहा है। उसने बताया कि जगह-जगह कॉंग्रेस पार्टी पीछे चल रही है और रायबरेली से इंदिरा गाँधी और अमेठी से संजय गांधी पीछे चल रहे हैं। मेरे सहित किसी पुलिस अधिकारी ने उस पर विश्वास नहीं किया। कुछ ही घंटों में बहुत से लोगों ने आकर यही बात दोहराई। मतगणना भवन से भी श्री दीक्षित के पीछे होने की सूचना आती रही देर रात तक स्पष्ट हो गया कि दक्षिण भारत की भारी विजय के बावजूद कांग्रेस बुरी तरह से पराजित हो गई है। मेरे सहित पूरे देशवासियों में एक विचित्र विस्मय छा गया। जनता पार्टी और उसके सहयोगी दलों को 345 सीटों के साथ लोक सभा में भारी बहुमत प्राप्त हुआ।

अगली सुबह बिना आपातकाल की थी परमानंद गोविंदजीवाला का विजयी जुलूस खंडवा शहर में निकला जिसमें मैं जुलूस के आगे की पुलिस व्यवस्था कर रहा था। 23 मार्च को भारत की छँठवीं लोक सभा का विधिवत गठन हुआ और 24 मार्च, 1977 को भारत के प्रथम गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री के रूप में मोरारजी देसाई ने पद की शपथ ली।

उसी संध्या को कलेक्टर श्री अशोक विजयवर्गीय के निवास पर उनके साथ मैं और पुलिस अधीक्षक श्री बी एल तारन देश में हुए क्रांतिकारी परिवर्तन पर आश्चर्य कर रहे थे।

# परदे पर राम की महिमा, रामलीला और रावण का कहर !

**हेमंत पाल**

सिनेमा के शुरूआती काल में जब समाज की सोच काफी संकुचित थी और हर कहानी पर फिल्म बनाया जाना संभव नहीं था, तब पौराणिक कथाओं पर फ़िल्में बनाना सबसे आसान था। उस दौर में 'रामायण' सबसे अच्छी कथा थी, जिस पर कई प्रयोग किए गए। हिंदी सिनेमा के शैशव काल में फिल्मकारों ने राम के सहारे अपनी नैया पार लगाई। सिनेमा के पुरोधा कहे जाने वाले दादा साहेब फाल्के ने मूक फिल्मों दौर में 1917 में 'लंका दहन' से राम नाम का जो पौधा लगाया था, उसे जीवी साने ने 1920 में 'राम जन्म' से आगे बढाया। फिर वी शांताराम ने 1932 में 'अयोध्या का राजा' से इस परंपरा को गति दी, तो विजय भट्ट ने 1942 में 'भरत मिलाप' और 1943 में 'राम राज्य' से इसे सिनेमा के लिए एक आसान और दर्शकों का पसंदीदा विषय बना दिया। 'राम राज्य' एकमात्र ऐसी फिल्म थी, जो महात्मा गांधी ने देखी थी। इसके बाद तो कई फिल्मों में समय-समय पर रामजी की महिमा का मंडन किया गया।

देखा जाए तो फिल्म इतिहास के हर दशक में सिनेमा के परदे पर किसी न किसी रूप में राम अवतरित होते रहे। दर्शक कभी जूते उतारकर तो कभी राम नाम की जय जयकार करते हुए फिल्मी राम के दर्शन कर अपने आपको धन्य मानते रहे। शुरूआती दिनों में 'अयोध्या चा राजा' ने सिनेमाघरों में सिक्के बरसा कर इस परंपरा के बीज बो दिए कि सिनेमा में और कोई चले या नहीं, राम का नाम हमेशा झोली भरता रहेगा। 1961 में बाबूभाई मिस्त्री के निर्देशन में बनी 'संपूर्ण रामायण' ने फिर सिनेमा घरों को जय सियाराम से गुंजा दिया था। ट्रिक फोटोग्राफी के लिए मशहूर बाबूभाई मिस्त्री ने रावण और हनुमान को हवा में उड़ते दिखाकर लंका दहन और राम-रावण युद्ध के रोमांचक दृश्य फिल्माकर दर्शको का मनोरंजन किया। इसमें रावण की भूमिका निभाकर बीएम व्यास उस ज़माने के चर्चित खलनायक बने थे।

अभी तक जितनी भी पौराणिक फिल्में बनी, उनमें राम पर आधारित फिल्में सबसे ज्यादा चली। ऐसी फिल्मों में लंका दहन (1917), राम पादुका पट्टाभिषेकम (1932), सीता कल्याणम (1934), सती अहिल्या (1937), सीता राम जन्म (1944), रामायणी (1945), रामबाण (1948), राम जन्म (1951), रामायण (1954), संपूर्ण रामायण (1958,1961,1971), सीता राम कल्याणम (1961), लव-कुश (1963 और 1997), हनुमान विजय (1974), बजरंग बली (1976), रावण (1984 और 2010), रामायणा-द लिजेंड आफ प्रिंस रामा (1992), हनुमान (2005), रिटर्न ऑफ हनुमान (2007), दशावतार (2008) और हनुमान चालीसा (2013) प्रमुख फ़िल्में है।

इन फिल्मों में रामायण के कई प्रसंगों को अलग-अलग संदर्भों में कथानक का आधार बनाया गया। राम-रावण युद्ध से जुड़ा त्यौहार 'दशहरा' भी कई फ़िल्मी कहानियों का हिस्सा बना। ये त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक माना जाता है। इसी कथानक पर कई फिल्में बनी, जो इस त्योहार के इर्द-गिर्द घूमती रही। जब दशहरे का जिक्र आता है, तो उसके साथ ही रामलीला का प्रसंग भी जहन में आता है। हिंदी में ऐसी फ़िल्में भी बनी, जिनमें रामलीला दिखाई दी। 'दिल्ली-6' ऐसी ही फिल्म है, जो दिल्ली के चांदनी चौक के आस-पास घूमती है। अभिषेक बच्चन, सोनम कपूर और वहीदा रहमान की इस फिल्म का कथानक ही रामलीला और दशहरे पर केंद्रित है। फिल्म में कई किरदारों को रामलीला का चित्रण करते हुए भी दिखाया। 2010 में आई अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'रावण' में भी रामायण की कहानी को अलग ढंग से दर्शाया था। हालांकि, मणिरत्नम की इस फिल्म और 'रामायण' की मूल कहानी में कोई साम्य नहीं है।



1983 में आई कुंदन शाह की कॉमेडी फिल्म 'जाने भी दो यारों' में भी रामलीला का दिलचस्प प्रसंग था। ये हिस्सा इतना रोचक था कि पूरी फिल्म इसी के आसपास घूमती है। 2012 में आई विद्या बालन की फिल्म 'कहानी' भी दशहरा थीम पर थी। फिल्म में दुर्गा पूजा के समय होने वाले सिंदूर-खेला दिखाया गया। फिल्म में देवी प्रतिमा का विसर्जन भी दिखाया, जो दशहरे (विजया दशमी) पर होता है। रोहन सिप्पी के निर्देशन में बनी फिल्म 'नौटंकी साला' में आयुष्मान खुराना का किरदार राम परमार एक ड्रामा कंपनी में काम करता है और कई दृश्यों में रामलीला दिखाई गई। इसी तरह अनुभव सिन्हा की फिल्म 'रा-वन' में रामायण की कहानी को नए परिवेश के साथ दिखाया गया। 'रा-वन' के किरदार में अर्जुन रामपाल थे। उन्हें रावण के रूप में दिखाया गया, जो वीडियो गेम से रियल लाइफ में आ जाता है। इसे आश्चर्य ही कहना चाहिए कि सिनेमा में राम नाम का बोल-बाला ऐसा चला कि फिल्मों के शीर्षक से लगाकर गीतों और अभिनेताओं में भी राम नाम का जादू चला। यदि फिल्मों के शीर्षकों की बात करें तो ऐसी कई फिल्मों के शीर्षकों में 'राम' नाम को शामिल किया, जिसका भगवान श्रीराम से कोई लेना-देना नहीं था। ऐसी फिल्मों में राम और श्याम, हे राम, राम अवतार, आज का एमएलए राम अवतार, राम बलराम, आज की रामायण, हैलो राम और 'राम तेरी गंगा मैली' चर्चित रहीं।

राम के किरदार निभाने वाले अभिनेताओं में 'राम राज्य' के नायक प्रेम अदीब को सबसे ज्यादा पसंद किया गया। दर्शक उन्हें इतना पसंद करते थे, कि उनके फोटो को फ्रेम करवाकर उस पर माला चढ़ाया करते थे। उसके बाद 'संपूर्ण रामायण' में राम की भूमिका निभाकर महिपाल भी लोकप्रिय हुए थे। वैसे एक फिल्म में चाकलेटी हीरो विश्वजीत भी राम की भूमिका निभा चुके हैं। रितिक रोशन को लेकर भी चर्चा है, कि वे साऊथ की एक बड़ी फिल्म में राम की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्मों के बाद जब दूरदर्शन पर 'रामायण' का प्रसारण शुरू हुआ, तो राम की भूमिका निभाने वाले अरूण गोहिल को देशभर में राम के अवतार के रूप में ही देखा जाने लगा था। राम और रावण को लेकर लिखी गई 'रामायण' का सदियों बाद आज भी इतना प्रभाव है, कि फिल्म अभिनेता भी अपने किरदार को लेकर कोई रिस्क लेना नहीं चाहता। 'केजीएफ' से हिट हुए साऊथ के सुपर स्टार यश को नितेश तिवारी की 'रामायण' पर आधारित फिल्म में रावण का रोल ऑफर किया गया था। लेकिन, उन्होंने इस किरदार से इनकार कर दिया।

जिस तरह फिल्मों में खलनायक का किरदार निभाने वाले कलाकार के बारे में धारणा बन जाती है, कि वो कलाकार निजी जीवन में भी वैसा ही होगा। जबकि, फिल्मों में रावण बने कलाकारों को लेकर ऐसा नहीं सोचा गया। इसे इस पौराणिक कथा का असर कहें या किरदार का प्रताप कि रावण बने कलाकारों को लेकर ऐसी सामाजिक धारणा कभी नहीं बनी। इसलिए कि रावण के किरदार का आकलन बुराई से नहीं कर सकते। 'रामायण' के मुताबिक, रावण प्रकांड पंडित और विद्वान था, लेकिन राक्षसी प्रवृत्ति का शिव भक्त था। वो शक्तिशाली होने के साथ राजनीतिज्ञ भी था। रामचंद्र जी ने भी लक्ष्मण को रावण से राजधर्म की शिक्षा लेने को कहा था। आशय यह कि जिस व्यक्ति के इतने सारे रूप हों, उसकी भूमिका निभाना आसान नहीं है। शायद इसीलिए फिल्मों और सीरियलों में रावण का किरदार कई ने निभाया, पर याद सिर्फ रामानंद सागर की 'रामायण' वाले अरविंद त्रिवेदी आते हैं।

1948 में आई विजय भट्ट की फिल्म 'रामबाण' में प्रेम अदीब राम बने और चंद्रमोहन ने रावण की भूमिका निभाई थी। जबकि, बृज मोहन व्यास को बाबूभाई मिस्त्री की 1961 में आई फिल्म 'संपूर्ण रामायण' में रावण की भूमिका के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। यह फिल्म हिट रही और हिंदू पौराणिक कथाओं के इतिहास में एक मील का पत्थर बनी। महिपाल ने फिल्म में भगवान राम की भूमिका और अनीता गुहा ने सीता की भूमिका निभाई। 1976 में आई 'बजरंग बली' में प्रेमनाथ ने रावण का किरदार निभाया था, दारा सिंह इसमें हनुमान बने थे। प्रेमनाथ ने रावण के अभिनय से अपनी अलग छाप छोड़ी थी। लेकिन, 1987 में रामानंद सागर के सीरियल 'रामायण' में अरविंद त्रिवेदी ने जिस तरह रावण की भूमिका की, वह लोकप्रियता आज तक याद की जाती है। इस टीवी शो में उन्होंने इस किरदार को इतनी बखूबी से निभाया कि उन्हें कभी रावण की तरह नहीं देखा गया। आज भी लोगों में मन में रावण की छवि के रूप में वही चेहरा है। 2008 में रामानंद सागर के बेटे आनंद सागर ने भी 'रामायण' बनाई थी। इसमें गुरमीत चौधरी राम थे, देबिना बनर्जी सीता और रावण की भूमिका में अखिलेंद्र मिश्रा थे। अखिलेंद्र मिश्रा को भी इस किरदार से अलग पहचान मिली थी। 2008 में रावण पर केंद्रित टीवी शो 'रावण' आया था। इसमें नरेंद्र झा ने रावण का रोल निभाया था। 2011 में आए टीवी शो 'देवों के देव- महादेव' को भी पौराणिक सीरियल माना जाता है। इसमें तरुण खन्ना ने रावण के किरदार में थे। यह रावण मॉर्डन था, इसके बावजूद दर्शकों ने तरुण की तारीफ की थी।

2015 में आए टीवी शो 'सिया के राम' में रावण का किरदार भी आधुनिक था। इसे कन्नड़ एक्टर कार्तिक जयराम ने निभाया था। 2015 में टेलीकास्ट सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' में भी रावण की भूमिका थी, जिसे आर्य बब्बर ने किया था। उनके काम को पसंद भी किया गया और इसके बाद उन्हें काम भी मिला। 'बिग बॉस 13' फेम एक्टर पारस छाबड़ा ने 2017 में आए शो 'विघ्नहर्ता गणेश' में रावण का रोल किया था। लेकिन, वे आधुनिक रावण को जीवंत नहीं कर पाए। 2020 में आए शो 'कहत हनुमान जय श्री राम' में रावण का किरदार मनीष वाधवा ने निभाया था। लेकिन, कुछ ज्यादा मॉर्डन होने के कारण इस किरदार को ख़ास लोकप्रियता नहीं सकी। फिर भी मनीष की अदाकारी को पसंद किया गया। रावण का सबसे बड़ा किरदार 'आदिपुरुष' में सैफ अली खान ने निभाया था।

फिल्म में सैफ की एक्टिंग को बेहद पसंद किया गया, पर फिल्म को लेकर इतनी नकारात्मकता सामने आ गई कि ये किरदार दबकर रह गया। फिल्म इतिहास और राम-रावण के किरदारों की लोकप्रियता देखकर कहा जा सकता है कि समाज के साथ मनोरंजन की दुनिया में भी 'रामायण' के सभी किरदार सदियों बाद आज भी पसंद किए जाते हैं और दर्शकों के दिलों में बसे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# फिरोज खान जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री बने

सिवनी- मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना द्वारा नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री सक्रिय कांग्रेसी कार्यकर्ता फिरोज खान को जिला कांग्रेस कमेटी में महामंत्री के पद पर नियुक्त किया है। राजकुमार खुराना ने फिरोज खान से आशा व्यक्त किया है कि आप अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं म.प्र.कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी की भावनानुसार कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार खुराना, कार्यकारी अध्यक्ष द्वय सेवकराम चन्द्रवंशी, मोहनसिंह चंदेल, राजा बघेल, कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी, इमरान पटेल, विष्णु करोसिया, राजिक अकील, शाहिद नजीर, गेंदलाल भलावी, आजम दीवान अली, सुमित मिश्रा, राजेश मानाठाकुर, शिव सनोडिया, रंजीत यादव, ओम उपाध्याय, आदित्य मोन्टू भूरा, तनवीर अहमद, रवेश चैकसे, जोएब जकी अनवर खान, नितिन शुक्ला, पंकज बाउसकर, जिब्राईल अंसारी, सुनील बघेल सहित समस्त कांग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की है।

# 17 नवम्बर को मतदान दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित

सिवनी- राज्य शासन ने परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रूमेंटस एक्ट) 1881 के अंतर्गत प्रदेश में विधानसभा आम चुनाव-2023 के मतदान के लिये मतदान दिवस 17 नवम्बर 2023 शुक्रवार को सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया है।

# 12 अभ्यार्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्र

सिवनी- गुरूवार 27 अक्टूबर 2023 को कुल 12 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जिसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 115-सिवनी में अभ्यार्थी दिनेश राय (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), अभ्यार्थी रंजीत वासनिक (दल सहबध्दता- गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी), अभ्यार्थी अजय ओमकार सिंह एवं तीरथ सिंह चंदेल द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 114 बरघाट में अभ्यार्थी कमल मर्सकोल (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), किशोरी लाल भलावी (दल सहबध्दता-आम आदमी पार्टी) से एवं किरण मरकाम (दल सहबध्दता-बहुजन समाज पार्टी) से नाम निर्देशन पत्र जमा किया गया। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 116- केवलारी में अभ्यार्थी घूरसिंह सल्लाम एवं अभ्यार्थी दिलीप कुमार द्वारा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 117- लखनादौन में अभ्यार्थी श्री विजय उइके (दल सहबध्दता- भारतीय जनता पार्टी), एड. रामकुमार इनवाती (दल सहबध्दता- स्मार्ट इंडियनस पार्टी) एवं भाई संतर वलारी द्वारा (दल सहबध्दता- गोण्डवाना गणतंत्र पार्टी) से अपना नाम निर्देश पत्र संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया है। इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र 115- सिवनी में 03, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 114- बरघाट में 08, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 116- केवलारी में 09 एवं विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 117- लखनादौन में 01 नाम निर्देशन पत्र अभ्यार्थियों द्वारा लिये गए हैं।

# कमजोर बूथों पर मतदान बढ़ाने जागरूकता रैली निकाली

नमर्दापुरम //ज़िले के चुनाव अधिकारी ललित डहरिया द्वारा 2018 में 80 प्रतिशत से कम हुआ वाले मतदान केंद्र को चिन्हित कर 6 बूथ क्रमांक जिसमें *170 , 172, 173, 174, 175 एवं 176* का भ्रमण कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई । उनके साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदान बूथ स्तर एवं वार्ड स्तर पर गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई,साथ ही कम मतदान होने के कारण जो मतदाता एवं छात्र-छात्राएं शहर से बाहर गए हैं उनके घर परिवार में जाकर उनके द्वारा भी वोट दिलाएं जाए इसके लिए प्रेरित किया गया। इस जागरूकता अभियान के दौरान प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला सेक्टर पर्यवेक्षक वर्षा पवार , राखी मौर्य, पूनम मौर्य, अर्चना बस्तवार, महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर राकेश मेहता डॉ रश्मि तिवारी डॉ अर्चना शर्मा, डॉ संतोष अहिरवार, डॉ आशुतोष मालवीय, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ मनीष चौरे ,डॉ श्रीमती मीरा यादव , वार्ड के मतदाता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित मतदाता सखी उपस्थित रही ।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया




औबेदुल्लागंज संवाददाता. नगरीय क्षेत्र ओबेदुल्लागंज में मतदाता जागरूक अभियान स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बाइक रैली का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती सोनाली शर्मा एवं जनपद पंचायत सीईओ युक्ति शर्मा प्रमोद पांडेय सुशील चतुर्वेदी कैलाश मालवीय तथा ग्रामीण क्षेत्र के कई पंचायत सचिव उपस्थित होकर रैली कार्यक्रम को संपन्न किया गया

# कांग्रेस प्रत्याशी जयश्री हरिकरण ने जमा किया अपना नामांकन



बैरसिया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार को बैरसिया विधानसभा से उम्मीदवार जय श्री हरीकरण ने अपने समर्थकों के साथ बैरसिया अनुविभागीय कार्यालय में अपना नामांकन जमा किया नामांकन के समय पूर्व राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह ठाकुर कांग्रेस प्रदेश महासचिव अवनीश भार्गव जिला ग्रामीण अध्यक्ष अरुण श्रीवास्तव पार्षद सुनीता रामगोपाल गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थे नामांकन फार्म अनुविभागीय अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर विनोद सोनकिया के समक्ष जमा किया नामांकन जमा करने के बाद जय श्री हरि करन ने कहा कि भाजपा की सरकार दलालों की सरकार है कमीशन की सरकार है कांग्रेस पार्टी इस बार भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तत्पर है विकास के नाम पर भाजपा ने जनता को सिर्फ धोखा दिया है इस चुनाव में जनता कांग्रेस को भारी बहुमत से अपना आशीर्वाद प्रदान करेगी वही नामांकन के समय सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस के समर्थक मौजूद रहे

# हटा पुलिस के हत्थे चढ़ा इंस्टा कार्ड सर्विस के हाई सिक्योरिटी ऑफिस में चोरी करने वाला गिरोह, पुलिस अधीक्षक ने किया खुलासा



दमोह जिले के हटा थाना अंतर्गत दिनांक 16.10.23 को इंस्टा कार्ड सर्विस प्रायवेट लिमिटेड के मैनेजर शुभम साहू के द्वारा रिपोर्ट लेख कराई की इंस्टा कार्ड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की शाखा हटा में दिनांक 15 16.10.23 की दरम्यानी रात करीब 01.11 बजे अज्ञात चोरो द्वारा आफिस के सटर का ताला तोड़कर एवं तिजोरी खोलकर 755066 /- रूपये एवं डिलेवरी का अन्य सामान चोरी कर के ले गये थे। आफिस का सटर खोलने एवं ऑफिस की तिजोरी खोलने पर एक अलार्म बजता था जो यह अलार्म कंपनी के हेड ऑफिस बैगलोर में भी बजता था । मैनेजर शुभम साहू को कंपनी के हेड ऑफिस बैगलोर से रात 01=11 बजे आरोपियो के द्वारा ताला तोड़ने के संबंध में जानकारी मिली थी। इस ऑफिस में सिक्योरिटी का विशेष ध्यान रखा गया था, परंतु चोरों ने इस सिक्योरिटी को ब्रेक करते हुए ऑफिस से 755066 /- रूपये नगद तथा डिलेवरी का सामान 11 मोबाईल 2 लेपटाप, 1 हाथ घडी, 1 कैमरा कीमती 835000/- रूपये घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साईकिल कीमती 70000/- कुल मशरूका कीमती करीब 1590066/- चोरी किया था जो रिपोर्ट पर थाना हटा में अपराध क्रमांक 450 / 2023 धारा 457.380 ता.हि. का अज्ञात आरोपियो के खिलाफ पंजीबद्ध किया गया था ।

दिशा निर्देश :- पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लेते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संदीप मिश्रा एसडीओपी हटा नीतेश पटैल एवं थाना प्रभारी हटा मनीष मिश्रा एवं फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट तथा सायबर सेल दमोह को निर्देशित करते हुये मामले के आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार कर माल मशरूका बरामद करने हेतु आदेशित किया गया था

## घटना का खुलासा

मामले में विवेचना के दौरान अज्ञात आरोपियो की लगातार तलाश की गई इस दौरान फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट तथा सायबर सेल दमोह द्वारा अज्ञात आरोपियो की तलाश में लगातार प्रयास किया गया। लगातार अज्ञात आरोपियों की तलाश पतासाजी के दौरान विश्वसनीय मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की उक्त हुई चोरी का एक आरोपी लक्ष्मन पिता लखन पटेल उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम भिलौनी थाना मगरोन क्षेत्र का है जो लक्षमन पटैल को 1/3 लगातार पुलिस अभिरक्षा में लेकर हिक्मतअमली से पूछताछ की गई जिस पर आरोपी लक्ष्मन पटैल ने बताया कि मैने इंस्टा कार्ड सर्विस में काम करने वाले अजय पिता रघु उर्फ रघुवर पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम कुमी थाना हटा के साथ योजना बनाई थी फिर घटना दिनांक को लक्ष्मन पटेल तथा चंदन पिता प्रभुदयाल पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हथना, थाना दमोह देहात, लखन पिता आनंदी पटैल उम्र 22 वर्ष नि ग्राम गुवारी मायाहार, थाना दमोह देहात के साथ मिलकर उक्त चोरी की थी। अजय पटेल ने ऑफिस की सिक्योरिटी को ब्रेक करने के उपाय बताये थे । चंदन पटेल ने सटर का ताला तोड़ा था। उक्त सभी आरोपी को दस्तयाब कर पूछताछ की गई जो सभी ने जुर्म करना स्वीकार किया गया।

## जप्त मशरूका

11 मोबाईल, 02 लेपटाप, 01 हाथ घडी, 01 कैमरा कीमती करीब 835000/- रूपये व नगद 6,51,000/- रुपये, घटना में प्रयुक्त 02 मोटर साईकिल कीमती 70,000/- कुल बाजाफ्ता मशरूका 15,56,000 /- रुपये आरोपियों के कब्जे से जप्त किये गये है।

पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप मिश्रा तथा एसडीओपी हटा नीतेश पटेल के नेतृत्व में निम्न पुलिस अधिकारी / कर्मचारीयो के द्वारा चोरी के

आरोपी को पकड़ने में उत्कृष्ट कार्य किया गया:- निरीक्षक मनीष मिश्रा उप निरीक्षक सौरम शर्मा, उप निरीक्षक डी पी अहिरवार, प्रआर 285 महेन्द्र रैकवार आर 651 पवन पटेल आर 192 लोकेश पवार, आर 621 मनीष पटेल, आर 531 विजय कुमार (सायवर टीम ) - प्रआर सौरभ



जबेरा 56 विधानसभा से गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से प्रत्याशी विनोद राय ने भरा नामांकन।

# मतदान कर लोकतंत्र के महापर्व में सभी बने सहभागी

सिवनी- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन- 2023 लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत विविध मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। गतिविधियों से भी आम नागरिक उत्साह एवं उमंग से जुड़ते हुए आगामी मतदान दिवस 17 को नवम्बर को मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में सहभागी बनने की शपथ ले रहे हैं साथ ही अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के घरों में सम्पर्क कर उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। ऐसे सभी मतदाताओं को अवगत कराया जा रहा है कि मतदान केन्द्रों में दिव्यांग तथा वरिष्ठजनों के लिए विशेष सुविधा सुनिश्चित कराई गई है। ऐसी विशेष परिस्थिति वाले मतदाताओं को मतदान के लिए लाईन में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। इसी तरह प्रत्येक मतदान केन्द्र में व्हील चेयर रैंप सुविधा के साथ साथ विश्राम स्थल की व्यवस्था रखी जाएगी। इसी क्रम में श्रम विभाग द्वारा बैधनाथ इण्डस्ट्रीज सिवनी सहित अन्य कार्यालयों एवं संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई है। तथा जिले प्रत्येक शासकीय कार्यालयों में इस तरह की गतिविधि लगातार जारी है। स्कूल कॉलेजों में नवमतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा गतिविधियां लगातार आयोजित की जा रही हैं।

# कांग्रेस भाजपा प्रत्याशी की घोषणा के बाद प्रचार अभियान शुरू चर्चाओं का बाजार गर्म

नैनपुर क्षेत्र मे कांग्रेस भाजपा दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी ने अपना जनसंपर्क शुरू कर दिया हे कांग्रेस ने निवास के विधायक डाक्टर अशोक मर्सकोले को मंडला विधानसभा से मैदान में उतारा है तो भाजपा ने पूव सांसद राज्य सभा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती संपतिया उईक को प्रत्याशी घोषित कर हलचल मचा दी है कांग्रेस भाजपा से टिकट के दावेदारों को निराश किया है भाजपा के तीन बार के विधायक देवसिंह भैयाम का टिकट काट दिया है वही?? पूर्व विधायक शिवराज शाह की उम्मीद में भी पानी फेर दिया गया है शिवराज शाह ने दुखी मन से पार्टी से इस्तीफा दे दिया है ?आगे की रणनीति क्या होगी वही जाने भाजपा की चुनाव रणनीति कार्यकर्ताओं को एकजुट होने संचालन व्यवस्था चाक चौबंद की गई है कांग्रेस संगठन में विशेष बिखराव की स्थिति नहीं देखी जा रही है डॉक्टर मसकोले कांग्रेस के प्रत्याशी हैं कार्यकर्ताओं के बीच में पहचाने जाते है भाजपा कांग्रेस के अलावा बी एस पी निर्दलीय भी मैदान मे आ रहे हैं

केदीय राज्य मंत्री कुलस्ते के गृहक्षेत्र निवास से मैदान मे आने से चर्चित

विधानसभा चुनाव मे भाजपा ने सांसदों मंत्री को से चुनाव में उतारा है उनमें कुलस्ते के आने से राजनैतिक सियासत तेज हो गई है निवास क्षेत्र से विधायक रहे डाकटर मर्सकोले ने निवास के बजाय मंडला से दावेदारी कर हलचल मचा दिया समीकरण को लेकर राजनीति के गलियारों में चर्चा है

# दशहरा पर्व उपरांत महावीर चोला धारकों का सम्मान



औबेदुल्लागंज संवाददाता .दशहरा पर्व उपरांत महावीर चोला धारकों का सम्मान एवं सुरुचि भोज का आयोजन किया गया

प्रेम गंगा परिसर हिरानिया मे जेपी शर्मा मित्र मंडल की ओर से इस वर्ष दशहरे के उपरांत स्नेह भोज का आयोजन एवं सुबह 10=00 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया गया। आपको ज्ञात होगा औबेदुल्लागंज में दशहरे पर सालों से चली आ रही महावीर चोला धारण करने की परंपरा इस परंपरा में इस वर्ष 5 चोला धारक महावीर जी का चोला धारण किया था। उन सभी चोला धारको एवं हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष राजेश खटीक और पूरी टीम को जेपी शर्मा मित्र मंडल द्वारा स्वागत सम्मान किया गया है इसी उपलक्ष्य में दोपहर 01=00 बजे से स्वजनों को सुरुचि भोज का आयोजन सुरु हुआ इस आमंत्रण में हजारों भक्तों ने पहुंच कर भोजन प्रसादी ग्रहण की कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया ।कार्यक्रम के बारे में बताते हुए जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि सह भोज एवं सम्मान समाज को एक सूत्र में पिरोने का काम करता है। इसलिए सहभोज का आयोजन व सम्मान महत्वपूर्ण है। हमारी एकजुटता समाज व देश के विकास को मजबूती प्रदान करेगी सामाजिक समरसता सहभोज समाज की एक जुटता को बढ़ाने का कार्य करेगी। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सभी धर्म के लोग पहुंचे।

# यूरिया के अवैध परिवहन पर संबंधितों के विरूद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर

धार, । कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में कृषि विभाग द्वारा कृषि आदान गुण नियंत्रण अंतर्गत 26 अक्टूबर को रात्रि 2.10 बजे मुखबीर से दुरभाष पर प्राप्त सूचना के आधार पर गणेश चौक बिड़वाल पर आयसर कमांक ल्च्छ 05 क्क्ष् 6678 को रोका गया। जिसमें ईफको कम्पनी का 330 वेग यूरिया (45 किग्रा / बैग) प्राप्त हुआ। उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विभाग ने बताया कि वाहन चालक से पुछे जाने पर बताया गया कि उक्त यूरिया उर्वरक व्यापारी मयंक जैन निवासी थांदला से पप्पु सेठ उर्फ अनिल कुमार इंदरमल जैन लाबरिया तहसील सरदारपुर के यहा उतारना था। वाहन चालक से 330 बैग युरिया के बिल बिल्टी आदि दस्तावेज मांगे जाने पर प्रस्तुत नहीं किये जाने से प्रकरण का मौके पर पंचनामा बनाया गया तथा वाहन सहित 330 बैग यूरिया को जप्त कर पुलिस थाना कानवन की सुपूर्दगी में दिया गया तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 5, 7, 8, 35 तथा अवैध रूप से उर्वरकों का परिवहन करने के लिये परिवहन संचलन नियंत्रण आदेश 1973 की धारा 3 एवं 4 का उल्लंघन किये जाने से उर्वरक व्यापारी मंयक जैन निवासी थांदला जिला झाबुआ, अनिल कुमार जैन निवासी लाबरिया तह, सरदारपुर तथा वाहन चालक एवं वाहन स्वामी उमेश पिता मनोहरलाल निवासी थांदला, जिला झाबुआ के विरूद्ध थाना कानवन में एफ.आई.आर. कमांक 0612/ 2023 27 अक्टूबर से अपराध दर्ज कराया गया है। उपरोक्त कार्यवाही कृषि विभाग के जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक श्री राकेश मण्डलोई, उर्वरक निरीक्षक सरदारपुर श्री राजेश बर्मन तथा उर्वरक निरीक्षक बदनावर श्री घनश्याम बग्गड़ द्वारा

## जिले में अवैध शराब व्यवसायियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही जारी

धार, । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रियंक मिश्रा के आदेश पर एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री विक्रम दीप सागर के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन-2023 को दृष्टिगत रखते हुए जिले में अवैध मदिरा विक्रय / परिवहन के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील से 26 अक्टूबर तक जिले के 9 वृत्त क्षेत्रों में अवैध मदिरा विक्रय / परिवहन के कुल 754 प्रकरण, मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत पंजीबद्ध किये गये है। जिनमें 1387 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पंजीबद्ध प्रकरणों में कुल 628 .64 बल्क लीटर देशी मदिरा, 132 .94 ब .ली . विदेशी मदिरा स्पिरिट, 399 .2 ब .ली . विदेशी मदिरा बियर 385 लीटर अवैध ताडी एवं हाथ भट्टी शराब बनाने के लिये संग्रहित किया हुआ कुल 1,06,473 किलोग्राम महुआ लाहन एवं 14,708 .3 बल्क लीटर हाथ मट्टी शराब जप्त की गई है। इसी प्रकार मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2) के तहत 9 महत्वपूर्ण प्रकरण पंजीबद्ध किये जाकर मंदिरा के साथ 3 वाहन भी जप्त किये गये जप्त की गई ।

# सरेराह पेट्रोल पंप संचालक से डकैती करने के मामले में 5 आरोपियों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दण्डित किया

छतरपुर। अभियोजन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी अभिषेक अग्रवाल ने थाना बिजावर में उपस्थित होकर एक लिखित शिकायती आवेदन पत्र इस आशय का प्रस्तुत किया कि दिनांक 29.11.19 को रात्रि 08:15 बजे वह रोजाना की तरह अपने जटाशंकर पेट्रोल पम्प चक्कर की सड़क बिजावर से 1,92,500/-रूपये अपनी स्कूटी की डिग्गी में एक एलकोस लिखे हुए थैले में रखे था, लेकर अपने घर तरफ जा रहा था, जैसे ही वह चक्कर की सड़क पर अतीक मिस्त्री के डिब्बा के सामने पहुंचा तभी बाईक पर दो लोग बैठे हुए आये और उसकी स्कूटी के सामने उन्होंने अपनी बाईक लगा दी, तब मैं खड़ा हो गया और तभी एक व्यक्ति और पैदल बगल से आ गया और उसने कट्टा की बट से मेरे सिर में कई बार मारा तथा एक व्यक्ति जो बाईक पर था उसने भी अपने कट्टा से बट तरफ से मेरे सिर में ताबड़तोड़ चोटें मारी और एक व्यक्ति बोला कि रूपया निकाल तो मैं घबरा गया और उसने मेरी स्कूटी की चाबी लेकर स्कूटी की डिग्गी से मय थैला के 1,92,500/-रूपये छीन लिये तथा मेरी कमर से लायसेंसी पिस्टल 32 बोर की जिसमें तीन कारतूस लगे थे, को एक बदमाश ने छीन लिया। मैं काफी भयभीत हो गया और चिल्लाया तो सामने से उसके बड़े भाई आशीष अग्रवाल व राकेश सिंह जो बाईक से आ रहे थे, उन्हें देखकर तीनों बदमाश अपनी बाईक से बहुत तेजी से कट्टा लहराते हुए दहशत फैलाते हुए भाग गये। फरियादी की उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना बिजावर में आरोपीगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आवश्यक विवेचना उपरांत अभियोग पत्र मान0 न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा मामले को चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी में रखा गया।अभियोजन की ओर से एडीपीओ/अपर लोक अभियोजक, अजय प्रताप सिंह बुन्देला ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बिजावर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश श्री रूपेश कुमार गुप्ता, बिजावर द्वारा आरोपीगण अखिलेश राजपूत, मनप्यारे राजपूत, नईम उर्फ नह्नू, राशिद उर्फ छोटू एवं अरबाज उर्फ जैकस्पेरो को भा.दं.वि. की धारा 395 सहपठित धारा 397 के आरोप में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000-5000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# 12 से बढ़कर 27 सहकारी समिति का प्रस्ताव हो चुका है: खत्री

बैरसिया। बैरसिया तहसील में पहले केवल 12 सहकारी समितियां थी, हमने परिसीमन कराकर कर 27 सहकारी समितियों के गठन के लिए प्रस्ताव करा दिया है। शीघ्र ही उक्त समितियां में कार्य प्रारंभ हो जाएंगी। यह बात भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री ने शुक्रवार को जनसंपर्क के दौरान मतदातओं से कही। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि किसान भाइयों को खाद के लिए बहुत दूरी तय करना पड़ता है। यह समितियां बढ़ाने के बाद दूरी भी कम रहेगी और आसानी से खाद उपलब्ध होगा। केवल नजीराबाद क्षेत्र में बागसी, परसौरा, रुनाह, नजीराबाद, बहराबल, खताखेड़ी, सिन्धोडा और नायसम्बद में सहकारी समिति शुरू जाएंगी।उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक विकास कार्य नजीराबाद क्षेत्र में हुए है। यह क्षेत्र पिछडा क्षेत्र था। हमने यहाँ के एक-एक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा है। इसके अलावा नल-जल योजना से घर-घर पानी पहुंचाने का अभियान चल रहा है। इसमे कई गांवों में पानी पहुंच गया है और बचे हुए गांवों समूह पेयजल योजना से पानी पहुंचाने की योजना बनाई है।

# संत रविदास के नाम पर विवि खुलने से क्षेत्र में तरक्की के साथ युवाओं को उच्च शिक्षा व रोजगार के नए अवसर मिलेंगे: रेखा चौधरी

## प्रदेश कांग्रेस महासचिव रेखा चौधरी ने नरयावली विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर चुनाव अभियान का किया आगाज



सागर/ प्रदेश कांग्रेस की महासचिव रेखा चौधरी ने अपने कई समर्थकों के साथ शुक्रवार को नरयावली विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर चुनाव अभियान का आगाज किया। उन्होंने ग्रामीण अंचलों में पहुंचकर प्रदेश में अन्याय और अत्याचार खत्म करने के लिए माननीय श्री कमलनाथ जी के नेतृत्व में एकबार फिर कांग्रेस की सरकार बनाने का आव्हान पूरे क्षेत्र की जनता से किया। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगने पहुंची पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा चौधरी के साथ अवधेश सिंह ठाकुर ओंकार सिंह पूर्व सरपंच मुन्नालाल तिवारी पप्पू गुप्ता बलराम सिंह नरेंद्र सिंह राजेश यादव भारत शुक्ला कदम सिंह ठाकुर सरफराज पठान पार्षद मोहन अहिरवार निकलंक जैन सौरव सिंह विक्रम सिंह शुभम चौधरी रणबीर सिंह अनिल सोनी धर्मेंद्र सिंह आल राय सत्यवान सिंह विमल राजपूत दीपेंद्र सिंह बालू सिंह शिवराज सिंह आदि ने नरयावली विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बारछा और ग्राम चटई में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र के पिछड़ेपन से आक्रोशित ग्रामीण जनता ने भाजपा विधायक प्रदीप लारिया पर मूलभूत सुविधाओं से वंचित करने का आरोप लगाया। प्रदेश महासचिव रेखा चौधरी ने ग्राम वासियों से कहा कि पार्टी के राष्टीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खरगे व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय श्री कमलनाथ ने संत रविदास जी के नाम पर यहां विश्वविद्यालय खोलने का वचन दिया है। इससे इस क्षेत्र के युवाओं को उच्च शिक्षा व रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी सुरेंद्र चौधरी को भारी बहुमत से जिताने की अपील क्षेत्रवासियों से की।

## हमने पांच साल जनता से सरोकार निभाया- आलोक चतुर्वेदी

छतरपुर। विधायक आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने कहा है कि कुछ लोग मौसमी नेता होते हैं। वे मौसम को भांपकर घर से निकलते हैं। नकली चेहरा लगाकर समाजसेवा की बातें करते हैं, खुद को सेवक दिखाकर जनता को गुमराह करते हैं, ऐसे नेता पांच साल गायब रहते हैं लेकिन चुनाव के समय घरों से निकल आते हैं। जनता ऐसे नेताओं को सबक सिखाएगी। छतरपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क के दौरान जनता को आगाह किया कि ऐसे मौसमी नेताओं को पहचानकर उन्हें सबक सिखाएं। श्री चतुर्वेदी ने शुक्रवार को अपने जनसंपर्क के दौरान वार्ड नं. 40 फौलादी कलम, सिद्धेश्वर मार्ग, कालीमाता मंदिर, बस स्टेण्ड, हटवारा क्षेत्र में भ्रमण किया। इसके बाद वे ग्राम छापर, राईपुरा, कदवां और बछरौनिया में जनता से मिलने पहुंचे। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से भाजपा को जिताने की अपील की तो वहीं जनसभाओं में भाजपा नेताओं पर निशाना साधा।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण भोपाल**

क्रमांक 1828/राजस्व/भो.वि.प्रा./2023 भोपाल दिनांक 20/10/2023

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की रणथम्भौर कॉम्पलेक्स एम.पी.नगर जोन-02 योजना में स्थित दुकान क्र.-01-बी, श्री विजय हरीरामानी आ. स्व. श्री श्यामदास हरीरामानी के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री विजय हरीरामानी को कार्यालय पत्र क्र.-2193/राजस्व/दिनांक 27/06/2022 के द्वारा श्री घनश्याम डेमला आ. स्व. श्री लक्ष्मणदास डेमला को हस्तांतरण की अनुमति दी गई थी। श्री घनश्याम डेमला द्वारा पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 28/06/2022 को अपने नाम पर विक्रय पत्र अभिलेख करा लिया गया था लेकिन प्राधिकरण में नामांतरण नही कराया गया अब श्री घनश्याम डेमला का स्वर्गवास दि. 10/12/2022 को हो जाने के कारण उनकी पत्नि/पुत्र/पुत्री श्रीमती रचना डेमला स्व. श्री घनश्याम दास डेमला, श्री सन्नी डेमला आ. श्री घनश्याम दास डेमला एवं श्रीमती दिशित आर्तवानी के द्वारा आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान का नामांतरण अपने नाम पर चाहा गया है। यदि उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

राजस्व अधिकारी

# दूरसंचार उद्योग में प्रतिभा मांग और आपूर्ति का अंतर वर्ष 2030 तक बढ़कर 3.8 गुना हो जाएगा: टीएसएससी ड्रॉप रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दूरसंचार क्षेत्र के लिए भारत के प्रमुख कौशल विकास संस्थान टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल (टीएसएससी) ने भारतीय दूरसंचार क्षेत्र में रोजगार के अवसरों, मांग आपूर्ति के बीच अंतर, दूरसंचार का टेक्नोलॉजी क्षेत्र में सम्मिलन और विभिन्न रोजगार भूमिकाओं में भारत में संभावना का खाका पेश करते हुए ड्रॉप के साथ मिलकर टेलीकॉम टैलेंट इन 5जी एराः डिमांड सप्लाई स्किल गैप रिपोर्ट 2023-24 रिपोर्ट आज लांच की। इस रिपोर्ट को इंडिया मोबाइल कांग्रेस में अनलॉकिंग दि पावर ऑफ टेलीकॉमः स्किलिंग फॉर ए कनेक्टेड वर्ल्ड विषय पर एक पैनल में लांच किया गया जिसमें अतुल कुमार तिवारी, डाक्टर निर्मलजीत सिंह कलसी, पंकज महिंद्रू, प्रियंका आनंद, कार्स्टन एस. श्रोदर और टेलीकॉम सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ अरविंद बाली जैसे उद्योग के दिग्गज मौजूद रहे। इस रिपोर्ट में यह बात रेखांकित की गई है कि भारत वर्तमान में 24.1 लाख पेशेवरों की मांग आपूर्ति का अंतर दूरसंचार क्षेत्र में सामना कर रहा है और वर्ष 2030 तक इसके 3.8 गुना तक बढ़ने की संभावना है। इस रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि सबसे प्रमुख चुनौतियों में से एक चुनौती यह है कि अकादमिक आवश्यकता और उद्योग की मांग के बीच बेमेल की वजह से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में कंप्यूटर साइंस, आईटी और गणित में स्नातक केवल 40 प्रतिशत लोग ही रोजगार के लायक हैं। भारतीय दूरसंचार उद्योग में लगे लोगों की कुल संख्या वर्तमान में 1.159 करोड़ है जिसमें 29.5 लाख कॉरपोरेट प्रतिभा और 82.4 लाख ब्लू कॉलर नौकरियों में हैं।

# विश्व कप के दौरान बेहतरीन नींद के लिए विराट डुरोफ्लैकस मैट्रेस पर ही सोते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट एक ऐसे क्रिकेट आइकॉन हैं जिनकी पूरी दुनिया में पहचान है। वे खेल के दौरान जैसी भी स्थिति हो उसके अनुसार अपने बैटिंग रणनीति को बदल लेने के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अपने लगातार बेहतरीन प्रदर्शन से एक अलग ही प्रतिष्ठा अर्जित की है। विश्व कप में ढेर सारी यात्राओं और लगातार बदलती जगहों के कारण अच्छी नींद लेने में बाधा आती है, इसलिए विराट ने डुरोफ्लैकस से अनुरोध किया है कि इन सभी अलग-अलग जगहों पर उनके लिए एक जैसी नींद सुनिश्चित करने में उनकी मदद करें। विराट फिटनेस और सेहत के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं, एक और चीज जिसका वह अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए ध्यान रखते हैं- वह है 8 घंटे की गुणवत्तापूर्ण नींद। विश्व कप चल रहा है और विराट उसकी तैयारी में जुटे हुए हैं, इसलिए उनकी पहली प्राथमिकता है- गहरी, तरोताजा करने वाली नींद। डुरोफ्लैकस, भारत के सबसे बड़े स्लीप सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाले हैं। हम अपने ब्रांड एम्बेस्डर विराट कोहली को हर उस शहर में बैक मैजिक मैट्रेस उपलब्ध कराने में सहयोग कर रहे हैं, जहां वह रहते हैं, चाहे वह मैच के लिए हो या अभ्यास के लिए।

# आप्टिमस इन्फ्राकॉम ने भारत और वैश्विक बाजारों के लिए ड्रोन विनिर्माण में कदम रखने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार विनिर्माण कंपनियों में से एक ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटे (ओआईएल) ने प्रौद्योगिकी तौर पर परिष्कृत, उच्च सटीक ड्रोन्स की लांचिंग के साथ मानवरहित प्रणालियों के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। इन ड्रोन की डिजाइन और विनिर्माण भारत में किया गया है। ड्रोन्स की इस विविध रेंज को इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 में पहली बार प्रदर्शित किया गया है। ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम द्वारा प्रदर्शित इन उत्पादों में एडवांस्ड सेंसर्स, सुरक्षित संचार प्रणाली और सख्त सुरक्षा के प्रोटोकॉल सहित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है।ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम अपने इस नए डिवीजन ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) में 25 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। यह कंपनी मानवरहित एरियल व्हीकल (यूएवी) के अनुसंधान, विकास और विनिर्माण के मोर्चे पर आगे रहेगी क्योंकि ओयूएस, ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स की विनिर्माण उत्कृष्टता से तालमेल बिठाते हुए भारत में अपनी तरह के पहले ड्रोन्स उपलब्ध कराने के लिए ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम की बाजार क्षमताओं का उपयोग करेगी। इस कंपनी की ताजा पहल सरकार की मेक इन इंडिया पहल और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम की तर्ज पर है जिसका लक्ष्य ऐसे देशज उत्पादों का निर्माण करना है जिनकी डिजाइन और विनिर्माण भारत में किया गया हो

# 30 सितंबर, को समाप्त हुई तिमाही और छमाही के लिए आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के वित्तीय परिणाम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईडीबीआई बैंक ने वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही के लिए अपने त्रैमासिक परिणामों की घोषणा कर दी। वित्त वर्ष 24 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 60 प्रतिशत की साल-दर-साल मजबूत वृद्धि के साथ 1,323 करोड़ रहा। परिचालन लाभ 2,070 करोड़ था। एनआईएम 4.33 प्रतिशत था और शुद्ध ब्याज आय 12 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 3,067 करोड़ रही। जमा की लागत 80 बीपीएस बढ़ गई और यह 2023 की दूसरी तिमाही में 3.43 प्रतिशत की तुलना में 2024 की दूसरी तिमाही के लिए 4.23 प्रतिशत हो गई। सीआरएआर 178 बीपीएस की साल-दर-साल वृद्धि के साथ 21.26 प्रतिशत रहा। संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 1.59 प्रतिशत (साल-दर-साल 50 बीपीएस की वृद्धि) दर्ज किया गया और इक्विटी पर रिटर्न (आरओई) 19.05 प्रतिशत (साल-दर-साल 384 बीपीएस की वृद्धि) रहा। शुद्ध एनपीए में 77 बीपीएस का सुधार हुआ, और यह 0.39 प्रतिशत तक आ गया। सकल एनपीए 1161बीपीएस सुधार के साथ 4.90 प्रतिशत हो गया।

# आय में 464 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ फिनटेक में आगे बढ़ता ग्रोथ

**मुंबई, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी और पेमेंट्स के अपने प्रोडक्ट सूट के साथ बैंकिंग और फिनटेक जगत को जोड़ने वाली कंपनी, नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजिस लिमिटेड (एनपीएसटी) (एनएसई इमर्ज) ने वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही के अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है.कंपनी ने अपने अकाउंटिंग सिद्धांतों के अनुसार, 3 महीने से अधिक की मैच्योरिटी के 31.28 करोड़ की एफडीआर (कोई ग्रहणाधिकार नहीं) को अन्य वर्तमान एसेट में और 3 महीने से कम की मैच्योरिटी की 2.07 करोड़ के एफडीआर (कोई ग्रहणाधिकार नहीं) को नकद और नकद समकक्ष के तहत वर्गीकृत किया है। ऐसे वर्गीकरण के कारण अन्य वर्तमान एसेट में 19.23 करोड़ के बढ़ते एफडीआर के शामिल होने के कारण ऑपरेटिंग नकद प्रवाह नकारात्मक प्रदर्शित हुआ है। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए एनपीएसटी लिमिटेड के ज्वॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर, आशीष अग्रवाल ने कहा, एनपीएसटी महत्वाकांक्षी विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रही है और वित्त वर्ष 24 की प्रथम छमाही का वित्तीय प्रदर्शन इसका स्पष्ट संकेत है। भारत में डिजिटल पेमेंट्स में उल्लेखनीय वृद्धि और यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) का ग्लोबल विस्तार सकारात्मक बाजार वातावरण का संकेत देता है. बढ़ती मांग और बढ़ते ग्राहक आधार के प्रतिसाद में एनपीएसटी की चपलता बहुमूल्य लक्षण है. स्पर्धात्मक बने रहने और ग्राहकों की बढ़ती जरूरत पूरी करने के लिए टेक्नोलॉजी पर फोकस और फिनटेक उद्योग के घटनाक्रमों से अवगत बने रहना अनिवार्य है. हमारे फॉरवर्ड थिंकिंग अप्रोच के लिए टेक्नोलॉजी में निवेश और नया प्रोडक्ट मैप तैयार करना महत्वपूर्ण है.

# चीन में रियल सेक्टर का बंटाधार, 3,000 प्रोजेक्ट बनाने वाली कंपनी हुई डिफॉल्ट, तीन लाख नौकरियों पर संकट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चीन में रियल सेक्टर का संकट हर बीतते दिन के साथ गहराता जा रहा है। देश की एक और रियल एस्टेट कंपनी डिफॉल्टर बन गई है। कभी देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी रही कंट्री गार्डन ने पहली बार एक इंटरनेशनल बॉन्ड के पेमेंट में डिफॉल्ट किया है। इस कंपनी पर 190 अरब डॉलर का कर्ज है। हॉन्ग कॉन्ग में लिस्टेड इस कंपनी ने देश में 3,000 से अधिक प्रोजेक्ट डेवलप किए हैं और 1,400 कस्बों को शहरों में बदला है। पिछले साल तक यह देश की सबसे बड़ी रियल एस्टेट कंपनी थी जिसे रेजिडेंशियल प्रॉपर्टी में विशेषज्ञता हासिल नहीं है।

कंट्री गार्डन ने साथ ही होटल, पार्किंग लॉट्स और रिटेल स्टोर्स जैसे कमर्शियल रियल एस्टेट प्रोजेक्ट भी विकसित किए हैं। इस कंपनी में करीब 300,000 लोग काम करते हैं। लेकिन हाल के समय में इस कंपनी को नकदी संकट का सामना करना पड़ा है। सितंबर में अपार्टमेंट्स की बिक्री में पिछले साल के समान अवधि की तुलना में 81 परसेंट की गिरावट आई है। 2023 की पहली तिमाही में कंपनी को सात अरब डॉलर का रेकॉर्ड घाटा हुआ है। इससे पहले 2021 में चीन की एक और दिग्गज कंपनी एवरग्रैंड ने भी डिफॉल्ट किया था। अगस्त में कंपनी ने अमेरिका में बैंकरप्सी के लिए आवेदन किया था। पिछले दो साल में इस कंपनी को 81 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।

### क्या होगा असर

एवरग्रैंड के डिफॉल्ट होने के बाद से ही चीन का रियल एस्टेट सेक्टर बुरी तरह हिल गया था और अब कंट्री गार्डन ने रही-सही कसर पूरी कर दी है। चीन दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी इकॉनमी है और इसमें रियल एस्टेट की 25 से 30 फीसदी हिस्सेदारी है। यही वजह है कि इसे चीन की इकॉनमी के लिए गंभीर संकट माना जा रहा है। रियल एस्टेट के डूबने से बैंकों की भी हालत खस्ता है और यह संकट पूरी इकॉनमी को अपनी चपेट में ले सकता है। आईएमएफ का कहना है कि चीन की इकॉनमी डूबी तो पूरी दुनिया पर इसका असर दिखाई देगा।

# सिद्धार्थ ने एक स्कूल प्रोजेक्ट को कंपनी में बदल कमा लिये अरबों रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कुछ बड़ा करने के लिए पहली और सबसे जरूरी शर्त है सपने। जब आप सपने ही नहीं देखेंगे तो फिर किसके पीछे भागेंगे। सिद्धार्थ शाह ने भी एक सपना देखा था। और फिर कहते हैं ना कि मेहनत करने वाले की कभी हार नहीं होती। सिद्धार्थ शाह इसका एक उदाहरण हैं। सिद्धार्थ का जन्म घाटकोपर, मुंबई में हुआ। उन्होंने बचपन में ही सोच लिया था कि अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी नहीं करेंगे, बल्कि कुछ अपना काम करेंगे। मुंबई में उनके 4 बेस्ट फ्रेंड थे। धर्मिल सेठ, धवल शाह हर्ष पारेख और हार्दिक देधिया। शाह की बिजनस जर्नी में इनका बहुत योगदान है।

मुंबई में स्कूल की पढ़ाई के बाद धवल शाह एमबीबीएस के लिए चले गए। वहीं, सिद्धार्थ शाह ने चारों दोस्तों के साथ इंजीनियरिंग और एमबीए किया। सिद्धार्थ ने आईआईएम अहमदाबाद से भी पढ़ाई की थी। आईआईएम के दौरान मार्क्स के लिए सिद्धार्थ ने एक प्रोजेक्ट बनाया। इसी प्रोजेक्ट ने शाह की किस्मत लिख दी। इस प्रोजेक्ट को देखकर प्रोफेसर अनिल गुप्ता ने कहा कि वे इसे सिर्फ एक प्रोजेक्ट ना रखें, बल्कि इसे एक कंपनी का रूप दें।

सिद्धार्थ ने प्रोफेसर की बात मानी और डायलहेल्थ नाम से कंपनी बनाकर उसे रजिस्टर करा लिया। इस कंपनी में फॉर्मेसी को ऑनलाइन लेकर जाना था और इसे भारत की पहली ऑनलाइन फॉर्मेसी बनाना था। इसके लिए शाह ने अपने दोस्त हार्दिक देधिया से मदद ली थी। इस तरह शाह और देधिया ने साल 2012 में डायल हेल्थ केयर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की स्थापना की। लेकिन डायलहेल्थ फेल हो गई।

इसके बाद शाह ने अगस्त 2013 में एसेट हेल्थ एंड वेलनेस कंपनी की स्थापना की। इसमें दावा किया गया कि यह किसी भी दवा को रिटेल कस्टमर्स तक 4 घंटे के पहुंचाएगी। अब कंपनी के पास तेजी से रिटेल कस्टमर्स का एक बड़ा नेटवर्क तैयार हो गया।

# देश में डेवलपमेंट भी हो रहा है इसकी वैल्यू को समझने की जरूरत है : चरणजीत सिंह

## आईआईए का नॉलेज शेयरिंग सेशन भोपाल में आयोजित

भोपाल। द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स के मध्यप्रदेश चैप्टर का नॉलेज शेयरिंग सेशन आयोजित हुआ। यह सेशन 26 अक्टूबर को सफल रीट्रीट भोपाल में आयोजित किया गया। इस सेशन में आर्किटेक्ट चरणजीत सिंह शाह मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी आर्किटेक्ट को अपने डिज़ाइन पर पहले काम करने की जरुरत है। इसके लिए विजन भी जरुरी है. आर्किटेक्ट का विजन ही एक इमारत को खूबसूरत बनाने में मदद करता है. गौरतलब है की चरणजीत सिंह शाह रेल्वे स्टेशन और एयरपोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर की डिजाइन के लिए मशहूर है। इस कार्यक्रम में इंदौर, भोपाल, जबलपुर और विंध्य क्षेत्र के आर्किटेक्ट्स शामिल हुए। इस कार्यक्रम को आईआईए चेयरपर्सन विभा श्रीवास्तव, ट्रेजरर अनीश पाल सिंह और सचिव मनोज श्रीमाल द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम की थीम शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में आर्किटेक्ट्स का योगदान पर भी चर्चा हुई। इसमें आर्किटेक्ट शुभ्रांशु उपाध्याय, डॉ संदीप संकट, आर्किटेक्ट दर्पण भालेराव, आर्किटेक्ट स्वप्निल शुक्ला, आर्किटेक्ट नवदीप सिंह, आर्किटेक्ट विनय श्रीवास्तव 2023-25 के एमपी चैप्टर के नव चयनित मेंबर्स भी मौजूद रहे. इंट्रोडक्शन सेरेमनी के इस कार्यक्रम से पहले चरणजीत सिंह शाह आरजीपीवी यूनिवर्सिटी में आर्किटेक्चर के स्टूडेंट्स से भी रूबरू हुए इस दौरान डॉ सुनील कुमार कुलपति आरजीपीवी भी मौजूद थे.

आर्किटेक्ट चरणजीत ने अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताया की उन्होंने कई एयरपोर्ट्स और रेलवे स्टेशन की डिज़ाइन पार्ट में काम किया है. जिसके एक्सपीरियंस को देखते हुए अभी 45 और स्टेशन पर काम कर रहे हैं. मेरे लिए यह चैलेंज तो है ही साथ ही आज़ादी के बाद रेलवे सेक्टर में जो डिज़ाइन पर काम हो रह रहा है वो दिख रहा है. हमें खुश होना चाहिए की देश में डेवलपमेंट भी हो रहा है इसकी वैल्यू को समझने की जरूरत है. प्रयागराज रेलवे स्टेशन के डिज़ाइन पर काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि जब स्टेशन के रेनोवेशन की बात हुई तब ये सवाल उठा की 1 करोड़ जनता की आवाजाही को कैसे मैनेज करेंगे। लेकिन यह डिज़ाइन इतना बढ़िया बना है की भविष्य में इसको केस स्टडी के रूप में प्रयोग में लाया जा सकता है। यह देश के लिए बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। आने वाला समय रिन्यूएबल रिसोर्स पर भी निर्भर करेगा। ऐसे में आर्किटेक्ट को उन पर भी काम करने की जरूरत है।

# जल्द 5 लाख करोड़ डॉलर की इकॉनमी बनेगा भारत, तेजी से आगे बढ़ रही अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया भर की इकॉनमी में कमजोरियों के बीच भारत में उद्योग जगत से जुड़े लोगों को उम्मीद है कि हमारा देश 5 लाख करोड़ डॉलर की इकॉनमी का रुतबा हासिल लेगा। पहले 2025 तक इस लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद जताई गई थी। लेकिन कोरोना महामारी के बाद बाधाएं आ गईं। अब ढ्ढस्स्न को उम्मीद है कि भारत ये उपलब्धि 2026-27 तक हासिल कर लेगा। लेकिन भारत सरकार को उम्मीद है कि वो ये स्थिति इससे पहले ही हासिल कर सकती है। फिलहाल दुनिया के कई हिस्सों में राजनीतिक तनाव की खबरें आ रही हैं। इसके बावजूद उद्योग संगठनों से जुड़े लोगों का कहना है कि इस लक्ष्य को हासिल करने की उम्मीद रखनी चाहिए। इसमें इन्फ्रास्ट्रक्चर इंडस्ट्री का अहम योगदान रहने वाला है। कमर्शल रियल एस्टेट से जुड़ी संस्था सीबीआरआई इंडिया के इग्जेक्यूटिव



डायरेक्टर अनीश कादियान का कहना है कि त्र20 जैसे आयोजन के बाद ओलिंपिक की दावेदारी इस दिशा में साफ संकेत है। जेवर एयरपोर्ट, कई एक्सप्रेसवे भी इसकी तस्दीक करते हैं। लेकिन इस लक्ष्य की राह में कई चुनौतियां भी हैं। जब भी विकास के काम होते हैं, पर्यावरण की चिंता सामने आ जाती है। इसके लिए डिवेलपर्स को दोष देने से बात नहीं बनेगी। पर्यावरण का ध्यान रखते हुए टिकाऊ विकास पर जोर देने से बात बनेगी।

# एचएमडी ग्लोबल ने 999 रुपये की शुरुआती कीमत पर स्टाइलिश डिजाइन की सुविधा वाला नोकिया 105 क्लासिक लॉन्च किया

नई दिल्ली एजेंसी। नोकिया फोन बनाने वाली कंपनी, एचएमडी ग्लोबल ने आज अपने बाजार-अग्रणी फीचर फोन, नए नोकिया 105 क्लासिक को लॉन्च किया। इसकी कीमत मात्र 999 रु. से शुरू है। इस फोन में यूपीआई एप्लिकेशन इनबिल्ट है। यह नोकिया फोन के विश्वास और यूपीआई की सुविधा एवं पहुंच का शानदार कॉम्बिनेशन है, जिससे उपयोगकर्ता स्मार्टफोन के बिना भी सुरक्षित और निर्बाध रूप से यूपीआई भुगतान लेनदेन कर सकते हैं।नोकिया 105 क्लासिक एक साल की सुनिश्चित रिप्लेसमेंट गारंटी के साथ आता है। वायरलेस रेडियो, भरोसेमंद बैटरी लाइफ, सादापन और किफायती कीमत की विशेषता के साथ, यह डिवाइस नोकिया फोन से अपेक्षित आश्वासन और विश्वसनीयता प्रदान करता है। रवि कुँवर, वीपी-भारत और एपीएसी, एचएमडी ग्लोबल ने कहा, हमें नए नोकिया 105 क्लासिक के साथ बाजार-अग्रणी फीचर फोन में आकर्षक अपग्रेड लॉन्च करने की खुशी है, जो कि स्टाइलिश नए डिजाइन और यूपीआई फीचर के साथ पहले से कहीं अधिक उपयोगी है। 1000 रुपये से कम वाले सेगमेंट में फीचर-पैक नोकिया 105 क्लासिक के साथ, हम डिजिटल विभाजन को पाटने और सभी के लिए वित्तीय पहुंच को सक्षम करने का प्रयास करते हैं।

नोकिया 105 क्लासिक को कठोर से कठोर वातावरण का सामना करने के लिए इसके टिकाऊपन की कड़ाई से परख की गई है, जिससे किसी भी परिस्थिति में निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। कीमैट पर प्रत्येक बटन के बीच ध्यानपूर्वक रखी गई दूरी के चलते इससे अंधेरे में भी डायल किया जा सकता है और टेक्स्ट किया जा सकता है।

# क्रोमा ने दमोह में नया स्टोर शुरू करके मध्य प्रदेश में रिटेल विस्तार को जारी रखा

## दमोह में खुला इलेक्ट्रॉनिक्स का विशाल स्टोर

मुंबई / दमोह, एजेंसी। क्रोमा ने दमोह में नया स्टोर शुरू करके मध्य प्रदेश में रिटेल विस्तार की यात्रा में बड़ा कदम उठाया है। यह मध्य प्रदेश में 22 वां क्रोमा स्टोर है। दाबल्य जी, सागर रोड, तीन गली, दमोह में स्थित यह इस शहर का पहला क्रोमा स्टोर है।

मध्य प्रदेश के दमोह शहर में पहले क्रोमा स्टोर का उद्घाटन मध्य प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य श्री जयंत कुमार मलैया, मध्य प्रदेश विधान सभा के माननीय सदस्य श्री. गोपाल भार्गव और देव श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर के माननीय सरपंच श्री सुनील दाबल्य ने किया।

राष्ट्रीय स्तर के लार्ज फॉर्मेट स्पेशलिस्ट ओम्नी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने दमोह स्टोर में 550 से ज़्यादा ब्रांड्स के 16000 से ज़्यादा उत्पाद प्रस्तुत किए हैं। कुल मिलाकर 9000 से ज़्यादा स्क्वायर फ़ीट का यह स्टोर तीन लेवल्स पर फैला हुआ है। टीवी, स्मार्टफोन, डिजिटल डिवाइसेस, कूलिंग सोल्यूशन्स, घरेलु उपकरण और ऑडियो और उससे जुडी एक्सेसरीज़ की सबसे नयी श्रेणी इन सभी स्टोर्स में उपलब्ध कराई गयी है, उनमें से अपनी पसंद और ज़रूरत के सही उत्पाद चुन पाने के लिए स्टोर में मौजूद जानकार क्रोमा एक्सपर्ट्स से सहायता ली जा सकती है। खरीदारी के बाद क्रोमा की ओर से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी और स्टोर असोसिएट्स से एक्सपर्ट सलाह ली जा सकती है।

बहुत बड़ी और विविधतापूर्ण अर्थव्यवस्था का राज्य मध्य प्रदेश, आर्थिक वृद्धि की अपवर्ड ट्रेजेक्टरी और टेक-सैवी आबादी की वजह से, आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स का बहुत ही अच्छा मार्केट बना है। मैन्युफैक्चरिंग, इंजिनीयरिंग, टेक्सटाइल्स और फार्मास्युटिकल्स जैसे उद्यम इस राज्य की अर्थव्यवस्था का आधार हैं।

क्रोमा इन्फिनिटी-रिटेल लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री अविजित मित्रा ने कहा, क्रोमा मध्य प्रदेश में तेज़ी से विस्तार कर रहा है। दमोह में नया स्टोर शुरू हो रहा है यह हमारे लिए बहुत ही ख़ुशी की बात है। हमारे रिटेल स्टोर्स लगातार बढ़ रहे हैं, हमारे उपभोक्ताओं को वैश्विक स्तर




का रिटेल अनुभव, आधुनिकतम गैजेट्स की विशाल श्रेणी और नवीनतापूर्ण फाइनेंस स्कीम्स, एक्सचेंज प्रोग्राम्स प्रदान करना, अलग-अलग उपभोक्ताओं की अलग-अलग ज़रूरतों को पूरा करना हमारा लक्ष्य है। हमारे स्टोर्स और ष्ह्यश्चद्बड्ड.ष्श्चद्व के ज़रिए पूरे भारत भर में हम हमारी सेवाएं प्रदान करते रहेंगे।

# कोटक महिन्द्रा बैंक ने इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करने के लिये नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड के साथ साझेदारी की

मुंबई, एजेंसी। कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल/ कोटक) ने आज नेशनल ई-गवर्नेंस सर्विसेज लिमिटेड (एनईएसएल) के साथ साझेदारी करने की घोषणा की है। यह साझेदारी एनईएसएल के प्लेटफॉर्म पर केएमबीएल की पहली इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी (ई-बीजी) जारी करने के लिये हुई है।

कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रेसिडेंट एवं होलसेल बैंकिंग के हेड परितोष कश्यप और एनईएसएल के एमडी एवं सीईओ देबाज्योति रे चौधरी समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान करते हुए। कोटक बैंक एनईएसएल के प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक बैंक गारंटी जारी करेगा

इस साझेदारी से व्यापार (ट्रेड) का डिजिटाइजेशन हो सकेगा और कागजों पर बैंक गारंटीज का इश्योएंस बंद करने में मदद मिलेगी। इस डिजिटाइजेशन में बीमा, संशोधन, समापन, डिजिटल स्टैम्पिंग और हस्ताक्षर शामिल हैं, जिससे गारंटी का टर्नअराउंड टाइम (टीएमटी) कुछ ही घंटों का हो जाता है, जबकि कागज वाली प्रक्रिया में 2-3 कार्यदिवस लगते हैं। ई-बीजी में सत्यापन के जोखिम भी नहीं रहते हैं

कोटक महिन्द्रा बैंक के प्रेसिडेंट एवं होलसेल बैंकिंग के हेड परितोष कश्यप ने कहा, कोटक महिन्द्रा बैंक अपने ग्राहकों को



बैंकिंग में सुविधा तथा आसानी देने में आगे रहा है। एनईएसएल के साथ साझेदारी करके हमारे व्यापार ग्राहकों को ई-बीजी मिलेगी और सत्यापन के विभिन्न चरणों सहित असीमित कागजी कार्यवाही में लेंडर तथा जारीकर्ता को जो समस्याएं होती हैं, वे दूर होंगी। ग्राहकों पर केन्द्रित होने और नवाचार पर ध्यान देकर हमने अपनी बैंकिंग सेवाओं में डिजिटल कायाकल्प को काफी पहले अपनाया है। हम बैंकिंग उद्योग में अपने द्वारा प्रदत्त सभी उत्पादों तथा सेवाओं में अपने ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिये प्रतिबद्ध हैं और ई-बीजी इनमें से एक है।

एनईएसएल के एमडी एवं सीईओ देबाज्योति रे चौधरी ने कहा, ई-बीजी हमारे ट्रेड फाइनेंसिंग के तरीके में एक मिसाल जैसा बदलाव करती है और यह बैंकिंग सेवाओं के डिजिटाइजेशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ई-बीजी से बैंक गारंटी के बीमा और आवाहन जैसी जीवनचक्र की अन्य घटनाओं में लगने वाला समय काफी कम होता है। इंस्टैंट मैसेजिंग के इस जमाने में यह उपयुक्त है कि जारी करने पर ई-बीजी लाभार्थियों को एक सुरक्षित तथा डिजिटल रूप में तुरंत उपलब्ध हो। एनईएसएल- डिजिटल डॉक्युमेंट्स एक्जीक्युशन (डीडीई) टेक्नोलॉजी की मदद से लाभार्थी एनईएसएल पोर्टल पर डिजिटल तरीके से जारी बैंक गारंटी को रियल-टाइम में देख सकता है। ई-बीजी को डिजिटल तरीके से जारी करने से बैंक गारंटी के जारीकर्ता बैंक के अलग से सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है और आवेदक तथा लाभार्थी की अतिरिक्त मेहनत/ समय बचता है। इसके अलावा, एनईएसएल का केन्द्रीय कोष आवश्यकता होने पर जारी बैंक गारंटी की वापसी को सुविधाजनक बनाता है और गलत इस्तेमाल की संभावना को कम करता है।

# एथर एनर्जी ने त्योहारों के अवसर पर विशेष लाभ देने की घोषणा की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों में से एक, एथर एनर्जी ने इन त्योहारों के अवसर पर अपने इलेक्ट्रिक स्कूटरों एथर 450एस और 450एक्स पर आकर्षक ऑफ़रों की घोषणा की है। अपने पेट्रोल स्कूटर के बदले इलेक्ट्रिक स्कूटर ख़रीदने वाले ग्राहकों को बेहतर टेक्नोलॉजी, परफ़ॉर्मेंस और कनेक्टिविटी प्रदान करने वाले एथर के आधुनिक इलेक्ट्रिक स्कूटर ख़रीदने का शानदार मौक़ा मिल रहा है।



पारंपरिक पेट्रोल स्कूटर के बदले एथर के इलेक्ट्रिक स्कूटर ख़रीदने वाले ग्राहकों को कंपनी एथर 450एक्स तथा एथर 450एस पर 40,000* रुपए तक का बेहतरीन एक्सचेंज मूल्य प्रदान कर रही है। ग्राहक अपने पुराने पेट्रोल स्कूटर के एक्सचेंज मूल्य का उपयोग नए एथर स्कूटर के डाउन पेमेंट के रूप में कर सकते हैं, जबकि बची हुई राशि के लिए आकर्षक फ़ाइनेंसिंग का लाभ लिया जा सकता है। एक्सचेंज मूल्य के अलावा, एथर एनर्जी 450एस और 450एक्स पर फेस्टिव बेनेफ़िट (5000 रुपये तक), कॉर्पोरेट डिस्काउंट (1500 रुपये) और क्रेडिट कार्ड ईएमआई कैशबैक (6000 रुपये तक) भी प्रदान कर रहा है। साथ ही एथर के स्कूटर ख़रीदना और ज़्यादा आसान बनाने के लिए ग्राहकों को 5.99 प्रतिशत की मामूली ब्याज दर पर 24-महीने की ईएमआई योजना भी दी जा रही है, जिसकी मदद से ग्राहक ब्याज में 12000 रुपए तक की बचत कर सकते हैं। इसके अलावा जीरो डाउन पेमेंट और 60-महीने की ईएमआई अवधि जैसी अन्य फ़ाइनेंसिंग योजनाओं के साथ एथर 450एक्स और 450एस ख़रीदना बहुत आसान हो गया है। फ़ेस्टिव ऑफ़र के बारे में रवनीत एस फोकेला, चीफ़ बिज़नेस ऑफिसर, एथर एनर्जी ने कहा, अक्टूबर में त्योहारों का मौसम शुरू होते ही इनक्वायरी और टेस्ट राइड्स में काफ़ी बढ़ोत्तरी हुई है। त्योहारों पर अपने स्कूटरों की बिक्री में तेज़ी लाने के लिए हमने एथर स्कूटर ख़रीदने वाले ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर पेश किए हैं।

## सैकड़ों युवाओं ने सासंद नकुलनाथ के समक्ष ली कांग्रेस की सदस्यता



**बिछुआ।** बिछुआ ब्लाक के ग्राम धनेगांव, पलासपानी, आगरापुर, ढूडांसिवनी के सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने कांग्रेस की रीतिनीति से प्रवाहित होकर शिकारपुर में सासंद नकुलनाथ के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली। सभी युवाओं को सासंद नकुलनाथ ने पार्टी का गम्छा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस जानिकराम मर्सकोले, मानिकराव मर्सकोले, इन्दपाल पटेल, पृथ्वीराज सिंह ठाकुर, असलम खान युवक कांग्रेस अध्यक्ष रिंकु पटेल, सतीश डोंगरे जिला महामंत्री युवक कांग्रेस, सचिन मर्सकोले सहित युवा उपस्थित थे।

## मतदाताओं को जागरूक करने निकाली रैली



**अमरवाड़ा।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हर्रई नगर में स्कूली बच्चों द्वारा रैली निकाली गई .रैली के माध्यम से सभी मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किया गया .उक्त कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर, प्राचार्य राम कुमार राय, अभिषेक पटवा, भानुप्रताप वाडिवा के अलावा सभी बूथों के बूथ लेबिल ऑफीसर ज्ञानदास एहके, संजय यादव, प्रताप सिंह वर्मा, नीलकंठ शाह धुर्वे, नरेंद्र सोनी, संजीव सिंह, वीरू वंशकार, प्रेम कुमार नेमा, उपस्थित रहे .आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ में सीमा साहू, विमला सोनी, प्रीती साहू, समसुनबी खान, भी उपस्थित रही।

## नवेगांव में पुलिस ने एक लाख रूपए जप्त किये



**छिंदवाड़ा।** पुलिस ने निमोटी नागदेव चेकपोस्ट में एक लाख रूपए जप्त किये है। पुलिस अधीक्षक विनायक वर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रतापसिंह व एस.डी.ओ.पी के.के.अवस्थी एवं नवेगांव प्रभारी राजेश साहू ने कार्यवाही की।

## मंडी में मक्का की आवक 4000 क्विंटल हुई

### 1900 से 2140 रुपए तक मिल रहे दाम



**अमरवाड़ा।** अमरवाड़ा मंडी में मक्का की आवक शुरू हो गई है मंडी सचिव आरएस गुमास्ता ने बताया कि मंडी में 4000 कुंटल मक्का की आवक हो गई है मक्का की दम 1900 रुपए से लेकर 2140 रुपए तक दाम किसानों को मिल रहे हैं क्षेत्र के सभी किसान अमरवाड़ा मंडी में जाकर अपनी उपज को बेच सकते हैं।

## ग्राम मंडला से अग्नि वीर ट्रेनिंग के लिए निकला जवान



**परासिया।** ग्राम मंडला पोस्ट पलटवाड़ा तहसील परासिया जिला छिंदवाड़ा से आज देश की सेवा के लिए प्रधानमंत्री केंद्र सरकार की निकाली गईं योजना में सिलेक्सन हुआ जवान अनिल चंद्रवंशी पिता दीपचंद चंद्रवंशी के सुपुत्र को आज सभी मंडला के ग्राम वासियों के द्वारा आज अनिल की बिदाई किया गया जो की अनिल चंद्रवंशी ग्राम के एक छोटे से गांव का किसान का बेटा है जो आज देश की सेवा के लिए रवाना हो गया जिसको सभी ग्राम के वरिष्ठ एवम माताएं बहनों ने रवाना करवाया।

# भाजपा, कांग्रेस, जनसेवा गोंडवाना, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, भारतीय गोंडवाना पार्टी, अंहिसा समाज पार्टी, संयुक्त क्रांति पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने भरा नामांकन







छिन्दवाड़ा। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले में विधानसभा निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य प्रारंभ हो गया है। आज छिंदवाड़ा/पांढुर्णा जिले के 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 24 अभ्यर्थियों द्वारा 26 नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये गये। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 122-जुन्नारदेव में अभ्यर्थी श्री सुनील उईके ने निर्दलीय, 123-अमरवाड़ा में अभ्यर्थी एडव्होकेट राजकुमार सरयाम ने जनसेवा गोंडवाना पार्टी और श्री देवीराम भलावी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, 124-चौरई में अभ्यर्थी लखन कुमार वर्मा ने भारतीय जनता पार्टी, लवकेश डेहरिया ने निर्दलीय, पवनशाह सरयाम ने अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी और रविशंकर सतनामी ने निर्दलीय, 125-सौंसर में अभ्यर्थी प्रदीप ठाकरे ने निर्दलीय, सेवकराम गने ने निर्दलीय और पंजाबराव सोमकुंवर ने बहुजन समाज पार्टी, 126-छिंदवाड़ा में अभ्यर्थी रूपेश मोहबे ने भारतीय जनता पार्टी/निर्दलीय, अभ्यर्थी राजेश तांत्रिक ने अहिंसा समाज पार्टी, अभ्यर्थी रूपेश मोहबे ने भारतीय जनता पार्टी, अभ्यर्थी कपिल सोनी ने भारतीय गोंडवाना पार्टी, अभ्यर्थी श्रीचंद चौरिया ने संयुक्त क्रांति पार्टी, अभ्यर्थी श्री मो.परवेज कुरैशी ने निर्दलीय और शिवानी बनिया ने निर्दलीय, 127-परासिया में अभ्यर्थी सोहनलाल बाल्मीक ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, अभ्यर्थी सतीश नागवंशी ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी और संतोषी डेहरिया ने अखिल भारतीय गोंडवाना पार्टी तथा 128-पांढुर्णा में अभ्यर्थी सुखदेव सरेयाम ने इंडियन नेशनल कांग्रेस, अभ्यर्थी प्रकाश कुमार उईके ने भारतीय जनता पार्टी, अभ्यर्थी प्रहलाद सिंग कुसरे ने आम आदमी पार्टी, अभ्यर्थी निलेश उईके ने इंडियन नेशनल कांग्रेस और अभ्यर्थी रामसिंह उईके ने इंडियन नेशनल कांग्रेस से नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत किये।

# प्रहलाद पटेल ने लखन वर्मा के पक्ष में ली आमसभा





**छिंदवाड़ा/चॉद।** भाजपा नेता प्रहलाद पटेल ने चौरई विधानसभा क्षेत्र प्रत्याशी लखन वर्मा के समर्थन में आम सभा ली और कहा कि प्रदेश के विकास के लिए आपके प्रत्याशी को जिताना होगा, कार्यकर्ताओं को पार्टी का निर्णय मानना चाहिये पार्टी का निर्णय सर्वोपरि होता है। प्रत्याशी पार्टी से बड़ा नहीं होता, जो कार्यकर्ता नाराज है वे पार्टी के प्रत्याशी के लिए कार्य करें और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाये।

## उम्मीदवार सुविधा पोर्टल से अनुमति के लिये ऑनलाईन कर सकते हैं आवेदन

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत निर्वाचन की प्रक्रिया को अधिक सुविधाजनक बनाते हुये उम्मीदवारों को खास सुविधा उपलब्ध कराई गई है । अब उम्मीदवार सुविधा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की अनुमति के लिये ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प ने सुविधा पोर्टल के माध्यम से विभिन्न प्रकार की अनुमति लेने की प्रक्रिया की जानकारी देते हुये बताया कि उम्मीदवार प्रथम स्टेप में ईसीआई पोर्टल https://suvidha.eci.gov.in/ पर मोबाईल नंबर और ओटीपी की मदद से पंजीकरण को लॉगिन करें । इसके बाद व्दितीय स्टेप में लॉगिन के बाद इपिक नंबर दर्ज करें और तृतीय स्टेप में बैठक, रैली, अस्थाई कार्यालय आदि की अनुमति प्राप्त करने के लिये आवेदन करें।

## गांधी प्रतीमा के सामने बैठे बंटी साहू





**छिंदवाड़ा।** भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से 43 वर्ष के 43 प्रश्न पूछे जिसमें वे अपना प्रश्न लेकर फव्वारा चौक में गांधी प्रतिमा के सामने बैठे है

## मेंटनेंस कार्य के दौरान 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक 4 फीडरों में बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

छिन्दवाड़ा। म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा बिजली लाईनों का मेंटनेंस कार्य किया जा रहा है तथा 29 अक्टूबर से एक नवंबर तक 4 फीडरों के क्षेत्र में प्रातः 7 से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी । कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद रहने के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की गई है । म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता (शहर संभाग) ने बताया कि 29 अक्टूबर को सर्रा फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र एम.पी.ई.बी. ऑफिस एकता कॉलोनी, पचमढीढाना, टाईल्स फैक्ट्री, पम्प हाउस कॉलोनी, श्रीराम कॉलोनी, मिडिल स्कूल, महाजन लॉन, नागपुर रोड, राजा की बगिया से होटल द-करण तक कामठी मोटर्स, 30 अक्टूबर को चंदनगांव फीडर की विद्युत लाईन से जुडे क्षेत्र साबलेवाड़ी, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, आशीर्वाद कॉलोनी, माता मंदिर कॉलोनी, कृषि विज्ञान केन्द्र, 132 के.व्ही. कॉलोनी, जे.पी. इन होटल, नागपुर रोड, बोदरी नदी से कृष्णा मोटर्स तक, 31 अक्टूबर को खजरी फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सिध्दिविनायक कॉलोनी, सांई वाटिका, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, आनंद नगर, डमरू टोला, खजरी रोड व आरकॉन सिटी तथा एक नवंबर को 11 के.व्ही. गांगीवाड़ा फीडर की विद्युत लाईन से जुड़े क्षेत्र परासिया रोड, भायदे कॉलोनी, विशु नगर, आदर्श नगर, सर्वोत्तम नगर, अपनी रसोई, संजू ढाबा, कामठी विहार, नोनिया करबल, माली मोहल्ला, बजरंग नगर व शंकर नगर में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

## कांग्रेस की सरकार बनते ही युवाओं को रोजगार और बच्चों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा: नकुलनाथ

### पांढुर्ना में विशाल जनसभा को सम्बोधित किये



छिन्दवाड़ा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही शिक्षित युवाओं के हाथों में रोजगार होगा साथ ही पांचवीं से बारहवीं तक के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा व छात्रवृत्ति प्रदान की जावेगी। दिसम्बर माह में कमलनाथ पुनः मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं जिसके उपरांत कांग्रेस अपने सम्पूर्ण वचनों को पूरा कर खुशहाल व सम्पन्न म.प्र. की स्थापना करेगी। 18 वर्षो से प्रदेश पर लगे भ्रष्टाचार, घपले, घोटाले, महिला अपराध, आदिवासियों पर अत्याचार व किसान आत्महत्या के कलंक को मिटाकर सुशासन की स्थापना की जायेगी। उक्त उदगार आज जिले के सांसद नकुलनाथ ने पांढुर्ना में आयोजित विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। पांढुर्ना विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी निलेश उइके के पक्ष में प्रचार करते हुये आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये सांसद नकुलनाथ ने कहा कि निश्चित रूप से आपका वोट निलेश उइके को जायेगा, किन्तु आपका यही वोट कमलनाथ को मुख्यमंत्री भी चुनेगा। श्री नाथ ने कांग्रेस के वचनों को दोहराते हुये कहा कि प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पदक लाओ-पद पाओ', पदक लाओ-करोड़पति बन जाओ, पदक लाओ-कार जीतो, पदक लाओ-छात्रवृत्ति पाओ योजना आरंभ की जावेगी। बेटियों के विवाह की नई योजना प्रारंभ करेंगे, 1 लाख 1 हजार रूपए की सहायता प्रदान की जावेगी। महिलाओं के स्टार्ट अप के लिए 25.00 लाख तक का ऋण 3 प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध कराया जावेगा। आवासहीन ग्रामीण महिलाओं को आवास एवं आजीविका के लिए 5000 वर्गफुट का भूखण्ड दिया जावेगा। महानगरीय बस सेवा में परिवहन हेतु निःशुल्क पास उपलब्ध कराये जायेंगे। आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को नियमित करने के लिए नियम बनाये जायेंगे। आशा एवं ऊषा कार्यकर्ताओं के लिए मैदानी स्वास्थ्यकर्मियों का नया कैडर बनाकर सेवा से जोड़ेंगे। बेटियों के लिए मेरी बिटिया रानी योजना प्रारंभ कर उनको 2 लाख 51 हजार की राशि उनके जन्म से विवाह संस्कार होने तक प्रदान की जावेगी। आयोजित जनसभा में विधायक निलेश उइके, जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय, निगम महापौर विक्रम अहके, विश्वास कांम्बे सहित युवक कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त विभाग व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विकासखण्ड चौरई के 185 मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता रैली





छिन्दवाड़ा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज पुष्प द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्वीप गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 124-चौरई में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत राजस्व अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रभात मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत चौरई श्री तरुण राहंगडाले, नोडल स्वीप प्लान अधिकारी चौरई श्री विजय पवार, परियोजना अधिकारीमहिला एवं बाल विकास श्री अभिषेक वर्मा और स्वीप प्रभारी चौरई श्री राकेश कुमार मालवीय के संयोजन में आज विकासखण्ड चौरई के सभी 185 मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता रैली संपन्न हुई। स्वीप प्रभारी चौरई श्री मालवीय ने बताया कि स्वीप प्लान गतिविधि के अंतर्गत विकासखण्ड के सभी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों, हाई स्कूलों, माध्यमिक विद्यालयों व प्राथमिक विद्यालयों में ग्राम/नगर में गठित बूथ लेवल अवेयरनेस ग्ररुप, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों आदि ने मिलकर जागरूकता रैली निकाली । साथ ही मतदान अधिकारियों/कर्मचारियों के चौरई के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद विद्यालय में बनाये गये सेल्फी पॉइंट में सभी ने उत्साहपूर्वक फ़ोटो खिंचवाई और प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता जागरूकता के पोस्टर भी लगाये ।

## आज जुन्नारदेव आयेंगे केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह



छिंदवाड़ा। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी शनिवार छिंदवाड़ा जिले की जुन्नारदेव विधानसभा में आम सभा को संबोधित करेंगे। वे यहां भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों के लिए वोट मागेंगे। भारतीय जनता पार्टी के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष प्रियवर सिंह ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार की दोपहर में जबलपुर से छिंदवाड़ा आएंगे यहां की जुन्नारदेव विधानसभा में नंदलाल सूद ग्राउंड में उनका आगमन होगा। जहां वे विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। सभा को संबोधित करने के बाद वे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ताओ के साथ जनता से निवेदन है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनसभा में शामिल होकर सभा को सफल बनाएं।

## समर्थक जो चाहेंगे वह निर्णय लूंगा: बंटी पटेल

### टिकट मांगना सभी का अधिकार



**छिंदवाड़ा।** कांग्रेस के विद्रोही प्रत्याशी चान्द के नीरज बंटी पटेल ने आज नामांकन रैली निकाल कर अपना दम दिखाया, हजारों की संख्या में ग्रामीण उसकी रैली में शामिल हुये। नीरज बंटी पटेल ने कहा कि मैने कमलनाथ के सामने अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। पार्टी में टिकट मागने का सभी अधिकार है, मैं अधिकार पूर्ण कमलनाथ से टिकट मांग रहा हूं। उनको निर्णय करना है। बंटी पटेल ने दो नामांकन पत्र भरे है जिसमें एक कांग्रेस से और दूसरा निर्दलीय है। कांग्रेस से टिकट नहीं मिला तो क्या निर्णय लेंगे, इस पर बंटी ने कहा कि मेरे कार्यकर्ता और समर्थक जो चाहेंगे वैसे निर्णय लूंगा।

## पति ने किया पत्नी की पिटाई

**अमरवाड़ा।** थाना अंतर्गत ग्राम हिरी मुकाश की रहने वाली राजकुमारी उईक जब अपने खेत में काम करते-करते थक कर बैठ गई इस समय उसका पति खेत पहुंचकर बोला काम क्यों नहीं कर रही और गंदी-गंदी गाली देकर मारपीट किया और कहा कि अगर दोबारा बैठी मिली तो जान से खत्म कर दूंगा पत्नी की रिपोर्ट पर पति के विरुद्ध धारा 294, 323, 506 में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

## नेशनल मीडिया अवार्ड 2023 के लिये मीडिया संस्थानों से अलग-अलग 4 श्रेणियों में 10 दिसंबर तक प्रस्ताव आमंत्रित

**छिन्दवाड़ा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नेशनल मीडिया अवार्ड 2023 के लिये मीडिया संस्थानों से अलग-अलग 4 श्रेणियों में आगामी 10 दिसंबर 2023 तक प्रस्ताव आमंत्रित किये गये हैं। यह अवार्ड वर्ष 2023 के दौरान मतदाता शिक्षा और जागरूकता पर सर्वोत्तम अभियान के लिये दिया जायेगा। आयुक्त जनसंपर्क श्री मनीष सिंह द्वारा जिले के मीडिया संस्थानों से नेशनल मीडिया अवार्ड 2023 के लिये अधिक से अधिक प्रस्ताव भेजने का अनुरोध किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशनल मीडिया अवार्ड 2023 प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक (टेलीविजन मीडिया), इलेक्ट्रॉनिक (रेडियो मीडिया) और ऑनलाईन (इंटरनेट/सोशल मीडिया) की अलग-अलग श्रेणियों में दिये जायेंगे । इसके लिये मीडिया संस्थान अपना नामांकन विशेष योगदान के विस्तृत विवरण के साथ भारत निर्वाचन आयोग को अपना प्रस्ताव सीधे प्रस्तुत कर सकते हैं। यह प्रस्ताव राजेश कुमार सिंह, अंडर सेकेटरी (कम्यूनिकेशन), इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया, निर्वाचन सदन, अशोका रोड, न्यू देल्ही-110001 के पते पर अथवा ई-मेल आईडी media-division@eci.gov.in पर सीधे भेजे जा सकते हैं। सभी नामांकनों पर आयोग द्वारा ईसीआई स्तर पर विधिवत गठित जूरी और समिति द्वारा विचार किया जायेगा। नेशनल मीडिया अवार्ड 2023 से संबंधित विस्तृत विवरण मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश कार्यालय की बेवसाईट www.ceomadhyapradesh.nic.in और जनसंपर्क विभाग की बेवसाईट पर अपलोड है।

## ए.आई.ए. ने लिया शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

### डायरेक्टर एवं सर्वोदय के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन ने दिलाई शपथ



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा सहित सम्पूर्ण प्रदेश में आगामी 17 नवंबर को विधान सभा चुनाव होना है। जिसमें प्रत्येक नागरिक मतदान अवश्य करे इस भावना से सामाजिक संस्थाओं द्वारा शिक्षण संस्थानों में सभा का आयोजन कर शत प्रतिशत मतदान हेतु जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। नागपुर रोड स्थित अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में मतदान सभा का आयोजन किया गया जिसमे प्रबंधन सहित समस्त गुरुजनों ने मानव श्रंखला बनाकर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर ए. आई. ए. के डायरेक्टर एवं सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक दीपक राज जैन ने सभी को मतदान का महत्व बताया और सभी को मतदान करने का संकल्प दिलाकर शत प्रतिशत मतदान करने कि अपील की। इस अवसर पर एआईए के चेयरमैन संजीव जैन, डायरेक्टर ब्रजेश महेश्वरी, दीपक राज जैन, प्राचार्य रविशंकर माथुर, एडमिन विजेंद्र इंदुरकर सहित समस्त गुरुजनों ने 17 नवंबर को सजगता के साथ उत्साह पूर्वक शत प्रतिशत मतदान करने का संकल्प लिया और सभी से कहा सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो।

# परासिया मेरे राजनैतिक जीवन में मील का पत्थर है: कमलनाथ

## परासिया में नामांकन सभा को किया सम्बोधित



छिन्दवाड़ा। परासिया के निवासियों की डब्ल्यूसीएल से जुड़ी समस्या का निराकरण आवास योजना लाकर करेंगे, इसलिये आप लोगों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। मेरा तो स्वप्न है कि परासिया नम्बर वन बनें। पेयजल से जुड़ी समस्या का भी जल्द निराकरण किया जायेगा, बस आप लोगों को केवल 40 दिन का इंतजार करना है। उक्त उदगार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने परासिया विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक प्रत्याशी सोहनलाल वाल्मीक की नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये।

परासिया की नामांकन सभा में उमड़े जनसैलाब को सम्बोधित करते हुये कमलनाथ ने अपने पुराने दिनों को याद करते हुये कहा कि उन्होंने पहली सभा चांदामेटा में की थी, तब से परासिया क्षेत्र मेरे राजनैतिक जीवन में मिल का पत्थर बना तब सोहन वाल्मीक के पिता श्यामलाल वाल्मीक भी सभा में उपस्थित थे, वे सोहन वाल्मीक से भी तेज थे। श्री नाथ ने कहा कि उस दौर में कोयला खदानें बंद हो रही थी, तब उन्होंने प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से भेंट कर कोयला खदानों को जीवित रखने की बात कहीं तो उन्होंने तत्काल कार्ययोजना बनाकर आदेशित किया और कोयला खदानें प्रारम्भ हो गई। वही खदानें परासिया की जीवन रेखा साबित हुई है। आज की युवा पीढ़ी ने वह दौर नहीं देखा किन्तु यहां मौजूद बुजुर्गों ने वो छिन्दवाड़ा भी देखा है जब केवल एक मालगाड़ी चला करती थी, चुनिंदा गांव में बिजली थी और सड़कें तो कच्ची थी जिन पर चलते ही धूल उड़ा करती थी, किन्तु आज के छिन्दवाड़ा और परासिया की अपनी एक अलग पहचान है। श्री नाथ ने 15 महीनों की कांग्रेस सरकार का जिक्र करते हुये कहा कि प्रदेश के 27 लाख, छिन्दवाड़ा के 75 हजार किसानों का कर्ज माफ हुआ, 1 हजार गोशालायें खोली, 100 रुपये में सौ यूनिट बिजली देकर कौनसा पाप किया किन्तु भाजपा के पेट में जनहितैषी योजनाओं के लागू होने से दर्द उठा और उन्होंने षड्यंत्र रचकर सरकार गिरा दी। अब भाजपा को जवाब देने का अवसर आपका है, क्योंकि परासिया का झण्डा ऊंचा रखने की जिम्मेदारी आपकी है।कमलनाथ ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहा कि 18 साल में शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश को भ्रष्टाचार, अनाचार, अत्याचार, घपले और घोटाले दिये। पूरे प्रदेश को चौपट करने के उपरांत उन्हें लाड़ली बहना, युवा और कर्मचारियों की याद आ रही है। श्री नाथ ने अंत में कहा कि मैंने छिन्दवाड़ा के लिये क्या किया है आप सभी के सामने है, आपको सच्चाई का साथ देकर भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकना है।

## जिले में कांग्रेस ने महिलाओं को नहीं बनाया प्रत्याशी: कपूर



परासिया। पूर्व को.बैंक के अध्यक्ष व भाजपा नेता कमलनाथ को महिला विरोधी बताया, अरूण कपूर ने विज्ञप्ति जारी करते हुये कहा कि भाजपा ने जिले में दो महिलाओं को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस ने जिले में एक भी महिला को प्रत्याशी नहीं बनाया। श्री कपूर ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं के आरक्षण का बिल लाया, शिवराज सरकार ने लाडली बहना एवं महिला संबंधी कई योजनायें लाकर उन्हें आत्मनिर्भर बना रहे है।

### श्री कृष्णलीला में द्वितीय दिवस...

# सत्यव्रत आजीवन ब्रम्हचर्य की प्रतिज्ञा लेकर कहलाए भीष्म

## भीष्म एवं भगवान परशुराम का युद्ध बना आकर्षण का केंद्र



छिंदवाड़ा। श्री रामलीला मंडल छिंदवाड़ा द्वारा तीन दिवसीय श्रीकृष्ण लीला का मंचन किया जा रहा है जिसके द्वितीय दिवस भीष्म प्रतिज्ञा एवं भीष्म परशुराम युद्ध की लीला का मंचन किया गया। मंडल के अध्यक्ष अरविंद राजपूत ने बताया कि श्री कृष्णलीला के अंतर्गत महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत के प्रसंगों में चंद्रवंशी राजा भरत जिनके नाम पर भारत देश का नामकरण भी हुआ के द्वारा अपने पुत्रों को अयोग्य मानते हुए उपमन्यु को हस्तिनापुर का युवराज घोषित किया जाता है। भरत की पीढ़ियों बाद राजा शांतनु हुए जिनका विवाह गंगा से होता है। गंगा अपने सात पुत्रों को गंगा नदी में प्रवाहित कर देती है आठवें पुत्र को प्रवाहित करने से राजा शांतनु रोकते है तो शर्त के अनुसार गंगा अपने धाम चली जाती है और कालांतर में उसे शिक्षा दीक्षा देकर युवराज देवव्रत के रूप में लाकर राजा शांतनु को सौंपती है। कुछ समय पश्चात राजा शांतनु को मल्लाह की पुत्री सत्यवती से प्रेम हो जाता है परंतु उसके पिता दाशराज की शर्त होती है की सत्यवती के पुत्रों को हस्तिनापुर का सम्राट बनाया जाए। दाशराज की शर्त को देवव्रत आजीवन ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर प्रतिज्ञा करते हैं। श्री कृष्ण लीला के निर्देशक शशांक दुबे ने बताया कि कालांतर में भीष्म रानी सत्यवती के पुत्र विचित्रवीर्य के विवाह हेतु कन्या खोजने के लिए काशीराज के स्वयंवर में जाते हैं वहां से अंबा, अंबिका एवं अंबालिका को जीतकर लाते हैं। अंबा शाल्व से प्रेम करती है किंतु शाल्व के पास वापस जाने पर वो उसे ठुकरा देता है प्रतिशोध की आग में अंबा भीष्म को नष्ट करने को प्रतिज्ञा लेती है और सहायता के लिए भगवान परशुराम जी के पास जाती है। भगवान परशुराम और भीष्म का युद्ध होता है जिसमें भीष्म की विजय होती है।




आचार्य विद्यासागर महाराज के जन्म दिन पर आज जैन मंदिर में दीप दीवाली मनाई गई।



शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में छोटी झील में भगवान कृष्ण को नौका विहार कराया गया।

## चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल श्रीमती शुभ श्रीकृष्णन से मिला



भोपाल। भोपाल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधि मंडल जिसमे उपाध्यक्ष सुनील जैन 501, सहयोजित सदस्य सुनील अग्रवाल, कार्यकारणी सदस्य वैभव जैन एवम विशेष आमन्त्रित सदस्य एड.मुनींद्र वैद्य ने भारत सरकार वित्त विभाग की विशेष सचिव एवं सेंट्रल बोर्ड आफ डायरेक्ट टैक्स नई दिल्ली की सदस्य( ऑडिट एवं न्यायिक) श्रीमती शुभ श्रीकृष्णन से सौजन्य भेंट की।

## टिकट नहीं मिलने पर फफक पड़े भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष

### दशहरा मिलन में बोले-निर्णय पार्टी का नहीं, व्यक्तियों का है; समर्थक भी रोए



**मेहगांव।** भाजपा के पूर्व विधायक मुकेश चौधरी ने ने कहा आप लोगों के प्रेम ने मुझे आंसू बहाने पर मजबूर कर दिया है। मैंने, जिनके लिए अपने समाज को छोड़ा, वरिष्ठ नेताओं से लड़ा। डा गोविंद सिंह से विरोध लिया, लेकिन समय आने पर उन्होंने मेरा विरोध किया। मुझे ऐसे लोगों से शिकायत है। यह पार्टी का कार्यक्रम नहीं है। आज हम दशहरा मिलन समारोह के लिए यहां एकत्रित हुए हैं। दशहरे के दिन अत्याचारी रावण का श्रीराम भगवान ने वध किया था। कल से मैं, पार्टी का काम करने के लिए निकल जाऊंगा। पार्टी भी देखेगी कि मैं, पहले जहां दोगुना काम करता था, वहीं अब चार गुना काम करूंगा। लेकिन आप से मैं, कहना चाहता हूं कि संकल्प लें कि हमें बुराई रूपी रावण का नष्ट कर देना है। वह शुक्रवार को मेहगांव के ग्वालियर रोड पर स्थित जनक गार्डन में आयोजित दशहरा मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। पूर्व विधायक द्वारा मेहगांव विस से टिकट की मांग की जा रही थी। मुकेश चौधरी ने कहा कि मेरी प्राथमिकता विधायक बनना नहीं है। आपका जो ये प्रेम है, यही मेरी प्राथमिकता है। विधायक तो किस्म-किस्म के लोग बन जाते हैं। शासन ने ऐसी कोई नियमावली नहीं बनाई है कि योग्य व्यक्ति ही विधायक बने। इस कार्यक्रम की अनुमति मैंने पार्टी के वरिष्ठजनों से ले ली है। मैं आपसे दो बातें करना चाहता था। आज इन दो लोगों ने मेरे साथ जो किया वह नहीं करना चाहिए था। आप अपने लिए कुछ भी मांग लेते, लेकिन आपने यह कह दिया कि मुकेश चौधरी को छोड़कर क्षेत्र के लिए निर्णय लिया जाए।

### पत्नी प्रताड़ना के आरोपी आरक्षक को अग्रिम जमानत

**भोपाल।** पुलिस विभाग में आरक्षक के पद में कार्यरत संजीव मैंकाले की पत्नी ने पति पर शारीरिक क्रूरता, मारपीट,जान से मारने की धमकी व गुदामैथुन करने की शिकायत पर जहांगीराबाद पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 465/23 में अपराध अंतर्गत धारा 498,323,506 व 377 भादवि में प्रथम सूचना रिपोर्ट 27 सितंबर 2023 को पंजीबद्ध की थी। आरोपी ने अग्रिम जमानत उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत की थी 27 अक्टूबर 2023 को उच्च न्यायालय ने आरोपी की अग्रिम जमानत स्वीकार कर ली। उच्च न्यायालय में आरोपी की ओर से पैरवी अधिवक्ता धीर दुबे ने की थी।

# सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन बात की, कहा- बूथ जीतने की ब्यूह रचना बनायें

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में चहुंमुखी विकास कार्य कराए हैं। आज कांग्रेस झूठ का वचन पत्र लेकर आई है। 2018 में भी इसी तरह का झूठा पत्र लेकर आई थी और सत्ता में आने के बाद कांग्रेस जनता से किए गए सभी वादे भूल गई थी। आज यह सनातन को समाप्त करने की बात कह रहे हैं। जनता वोट की ताकत से इन्हें सबक सिखएगी। भारतीय जनता पार्टी की यह लड़ाई किसी पार्टी के नहीं हैं,एक विचारधारा के खिलाफ है। देश विरोधी इस विचारधारा को उखाड़ फेंकना है। यह बात केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को बालाजी गार्डन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

सिंधिया ने एक-एक कार्यकर्ता से वन-टू-वन बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का बूथ का अध्यक्ष मजबूत किला और वही इसका सेनापति है। बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता को ही यह लड़ाई लड़नी है। इसके लिए जमीनी स्तर पर जाकर सरकार की उपलब्धियों को बताना होगा और बूथ जीतने की ब्यूह रचना बनानी होगी। केन्द्रीय मंत्री श्री सिंधिया



ने एक-एक कार्यकर्ता से व्यक्तिगत मुलाकात कर उन्हें चुनाव जीतने के तरीके बताए और कहा कि आपकी मेहनत से ही पार्टी प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मध्य प्रदेश पर दशकों तक राज किया पर विकास के एक भी काम नहीं किए। सडकों के हाल बेहाल थे और बिजली तो सिर्फ दो से तीन घंटे के लिए ही आती थी, कांग्रेस के काल को जनता कभी नहीं भूल सकती। प्रधानमंत्री श नरेंद्र मोदी की मेहनत है कि आज प्रदेश में हर सुविधा उपलब्ध है। सड़क, पानी, बिजली - हर सुविधा अब लोगों के घर तक पहुंची है। पोहरी में कार्यकर्ता सम्मेलन- शिवपुरी जिले की सभी विधानसभाओं पर प्रमुख दलों के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन भर दिया है और अब चुनावी सरगर्मी बढ़ने लगी है। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी लगातार विधानसभाओं के दौरे कर रहे हैं। शुक्रवार को सिंधिया पोहरी विधानसभा पहुंचे और कार्यकर्ताओं के सम्मलेन में हिस्सा लिया। इस दौरान सिंधिया ने कांग्रेस पर हमला बोलने के बजाए कार्यकर्ताओं को जीत का रास्ता दिखाया। उन्होंने बूथ प्रभारियों और पन्ना प्रभारियों को जीत के 14 बिंदु नोट कराए।

## कर्मचारी संगठनों की चेतावनी, ओपीएस का लाभ देने में दोहरे मापदंड ना अपनाए सरकार

**भोपाल।** राज्य सरकार ने अखिल भारतीय सेवा के आईपीएस एवं आईएएस अफसर नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने का रास्ता निकाल लिया है लेकिन मध्य प्रदेश शासन ने राज्य सेवा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने की पहल तक शुरू नहीं करी है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर मांग करी है कि 2005 के बाद नियुक्त मध्य प्रदेश राज्य के अधिकारी कर्मचारियों को भी आईपीएस एवं आईएएस की तर्ज पर नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए।

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांत अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि राज्य सरकार ने 5 अक्टूबर 2023 को पांच आइ ए एस संजीव सिंह राहुल जैन जीबी रश्मि ए आर रघुराज एवं जान किंग्सली को नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी कर था अब सरकार ने पांच आईपीएस इरशाद अली संजय कुमार गौरव राजपूत सुशांत सक्सेना डॉ आशीष को नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ देने का आदेश गृह विभाग मध्य प्रदेश शासन ने जारी किया है लेकिन मध्य प्रदेश शासन मध्य प्रदेश राज्य सेवा के अधिकारीयों कर्मचारीयों को नई पेंशन योजना एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना ओ पी एस का लाभ नहीं दे रही है मध्य प्रदेश के 5 लाख अधिकारी कर्मचारी नई पेंशन योजना एनपीएस के दायरे में आते हैं और बरसों से अधिकारी कर्मचारी नई पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागू करनी की मांग कर रहे हैंजबकि ऐसे लाखों अधिकारी एवं कर्मचारी मध्य प्रदेश राज्य में नियुक्त है जो वर्ष 2005 की पूर्व शासन की विभिन्न विभागों में किसी न किसी रूप में सेवा में आ गए थे एवं शासकीय विभाग से वेतन प्राप्त कर रहे थे उनके पद भी वर्ष 2005 के पूर्व से स्वीकृत थे।



मध्य क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ध्रुव नारायण सिंह जनसंपर्क करते हुए।



**भोपाल।** भगवान वाल्मीकि जयंती पर चौकी इमामबाड़ा स्थित भगवान वाल्मीकि के मंदिर में पूजन करने के पश्चात भगवान वाल्मीकि की आरती की। इस अवसर पर चंद्र मोहन चौहान अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, सचिव संजीव, सुभाष चौहान, राजेश थनवार, सुनील चौहान, जगन्नाथ कल्याणे, रामसिंह सिंह चौहान, विक्रम चौहान, विजय मैना, विमला कजवाये साहित अनेक लोग शामिल हुए।

## प्रदेश में उत्तरी हवाओं ने बढ़ाई सिहरन, कई जिलों में पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंचा

**भोपाल।** उत्तर भारत के तरफ से आ रही सर्द हवाओं से पूरे प्रदेश में सिहरन बढ़ने लगी है। इसी क्रम में शनिवार को प्रदेश में सबसे कम 13.2 डिग्री सेल्सियस तापमान मंडला में दर्ज किया गया। मंडला सहित 12 शहरों दतिया, गुना, ग्वालियर, रायसेन,



राजगढ़, छिंदवाड़ा, बैतूल, नौगांव, रीवा, मलाजखंड एवं उमरिया में रात का तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। राजधानी भोपाल में भी न्यूनतम तापमान 14.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम रहा। यह इस सीजन की सबसे सर्द रात रही। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक मौसम का मिजाज अभी इसी तरह बना रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। वातावरण में नमी काफी कम रहने के कारण मौसम पूरी तरह से शुष्क बना हुआ है। इस वजह से रात के तापमान में धीरे-धीरे गिरावट का सिलसिला बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में दिन के समय तो हवा का रुख कभी पश्चिमी तो कभी दक्षिणी हो जाता है, लेकिन शाम ढलते ही हवा का रुख उत्तरी हो जाता है। उत्तर भारत की तरफ से आने वाली सर्द हवाओं के कारण ही पूरे प्रदेश में धीरे-धीरे सिहरन बढ़ने लगी है। इस तरह का सिलसिला अभी बना रहने की संभावना है।

# बीयू के मेस में खाना नहीं मिलने के आक्रोशित छात्रों ने रात में किया कुलपति के बंगले का घेराव

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के छात्रावासों में सीनियर व जूनियर विद्यार्थियों को अलग-अलग रखने का कुलपति का फरमान भारी पड़ रहा है। जब विद्यार्थियों ने इस आदेश को नहीं माना, तो विवि प्रशासन ने उनके मेस और पानी सप्लाई को बंद कर दिया। अब इससे परेशान होकर मुंशी प्रेमचंद और जवाहर छात्रावास में रहने वाले करीब 200 विद्यार्थी शुक्रवार की रात 10 बजे कुलपति एसके जैन के बंगले का घेराव करने पहुंच गए। लेकिन कुलपति विद्यार्थियों से नहीं मिले। इसे लेकर विद्यार्थियों ने खूब हंगामा किया। ये विद्यार्थी सुबह से मेस में खाना नहीं मिलने की वजह से आक्रोशित थे।

भारी भीड़ को देखकर वहां मौजूद सुरक्षाकर्मी ने तुरंत ही पुलिस को सूचित किया। जिसके बाद स्थानीय थाने से कुछ पुलिसकर्मी वहां पहुंचे और विद्यार्थियों को समझाइश देकर वहां से रवाना किया। विद्यार्थियों ने बताया कि वे लंबे समय से कुलपति से मिलने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कुलपति उनसे मुलाकात नहीं कर रहे हैं। जिसके बाद शुक्रवार सुबह न तो हमें नाश्ता दिया गया और न ही खाना, इसलिए हम लोगों ने परेशान होकर यहां आने का निर्णय लिया। बता दें कि विवि के जवाहर और मुंशी प्रेमचंद छात्रावास के विद्यार्थी आज भी विरोध प्रदर्शन करने की



तैयारी में हैं।

**कुलपति के निर्देश से हो रही है परेशानी-** विद्यार्थियों ने बताया कि जवाहर छात्रावास में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों और मुंशी प्रेमचंद छात्रावास में सेकेंड, थर्ड और फाइनल ईयर के विद्यार्थियों को रहने का आदेश कुलपति ने दिया है। लेकिन हम लोग पहले की तरह ही रहना चाहते हैं और कुलपति से मिलकर अपनी बात रखना चाहते हैं। लेकिन कुलपति मिलते नहीं हैं। विद्यार्थी इंदौर सिंह व अभिषेक कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह से ही विवि प्रशासन ने मेस बंद कर दी और पानी की सप्लाई भी रोक दी है। ऐसे में विद्यार्थी परेशान हो रहे हैं। कुछ विद्यार्थी परेशान होकर अपने घर जाने के लिए मजबूर हैं।

**प्रबंधन का यह तर्क-** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि छात्रावास में जूनियर व सीनियर विद्यार्थियों को अलग-अलग छात्रावास में रहने का आदेश जारी किया गया है, लेकिन विद्यार्थी आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने छात्रावास में रहने और खाने की राशि भी जमा नहीं की है। इस कारण मेस को बंद करना पड़ा।

**एक सप्ताह पहले छात्राओं ने किया था हंगामा-** कुछ दिन पहले बीयू में इंदिरा कन्या छात्रावास की छात्राओं ने अव्यस्वस्थाओं को लेकर कुलपति का चेंबर घेर लिया था। छात्राओं को उनकी समस्या का हल न होते देख वे कुलपति के चेंबर तक पहुंच गईं थी। इस दौरान करीब 150 छात्राओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था। छात्राओं की मांग थी कि उनके छात्रावास में भोजन की व्यवस्था में आ रही समस्याओं को तुरंत दूर किया जाए। उनका कहना था कि छात्रावास के मेस में कोई परमानेंट कुक नहीं था। कुक का बार-बार ट्रांसफर कर दिया जाता था, जिससे भोजन की व्यवस्था प्रभावित होती थी। छात्राओं की मांग थी कि परमानेंट कुक की व्यवस्था की जाए। जिसे कुलपति ने माना था और व्यवस्था कराई गई थी।

